आज का विचार

जिंदगी कभी भी महंगी नहीं होती है। हां पर जिंदगी जीने के तरीके जरूर महंगे होते हैं।

दैनिक

# सिटी दर्पण

आईना सच का



7

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । सोमवार, 13 जनवरी, 2025 वर्ष 23, अंक 12, मूल्य: 3 रुपए, पृष्ठ 8 RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com


# हर ब्लॉक में कम से कम एक आईटीआई खोली जाएगी: सैनी

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं के लिए सौगातों की लगाई झड़ी

भूपेंद्र शर्मा

चंडीगढ़ (सिटी दर्पण)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती युवाओं को समर्पित करते हुए प्रदेश के युवाओं के लिए सौगातों की झड़ी लगा दी। उन्होंने ग्रामीण युवाओं के लिए एक साथ 250 जिम का उदघाटन करने के बाद जहां आठ अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त खेल उपकरण तथा राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में अंतर युवा क्लब खेलों को शामिल करने की घोषणा की, वहीं प्रदेश के हर ब्लॉक में कम से कम एक आईटीआई खोलने की बात कही।

मुख्यमंत्री यही नहीं रुके उन्होंने विभिन्न देशों की भाषाओं में युवाओं को दक्ष बनाने के लिए एक खास नीति बनाने और उसे संबंधित एजेसी से प्रमाणित करवाने का खर्च भी सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए प्रेरित करने वाले एक गीत का लोकार्पण किया जिसको प्रसिद्ध गायक नवीन पुनिया ने गाया। उन्होंने आईटीआई के प्रशिक्षुओं को जॉब के ऑफर लैटर भी प्रदान किए। उन्होंने एनएसएस के अवार्डी युवाओं और वालंटियर्स को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने ओजस्वी भाषण में स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं को प्रदेश से नशा की सामाजिक बुराई को समाप्त करने का आान किया।

उन्होंने कहा कि स्वामी ने भारत में नव-जागरण का शंखनाद किया था। उन्होंने देशवासियों में आत्म-सम्मान और गौरव से जीने की लौ तथा आध्यात्मिक जागृति पैदा की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द भी कुश्ती के खेल को बहुत पसंद करते थे। वे पढ़ने के भी बहुत शौक़ीन थे, इतने ध्यान और एकाग्रचित्त होकर पढ़ते थे कि वे एक बार जिस किताब को पढ़ लेते थे वह कभी नहीं भुलते थे। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के बचपन से लेकर रामकृष्ण परमहंस आश्रम में पहुंचने और अमेरिका की धर्म संसद में दिए गए उनके प्रभावशाली भाषण का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि हमारे संविधान और संस्थाओं के भविष्य की जिम्मेदारी भी आप युवाओं के कंधों पर है। आगे चलकर संविधान की मूल भावना के अनुरूप देश आपको ही चलाना है। इससे पूर्व , उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवाओं के हित में शुरू की गई अनेक योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता , सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग , अतिरिक्त निदेशक श्रीमती वर्षा खांगवाल भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के साथ युवाओं ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया।






### आठ अधिसूचित खेलों के लिए दिए जाएंगे मुफ्त खेल उपकरण

उन्होंने बताया कि 8 अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त खेल उपकरण दिए जाएंगे। इन खेलों में वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो और क्रिकेट शामिल हैं। हर साल खेल विभाग युवा क्लबों के लिए दो साहसिक खेल शिविरों का आयोजन करेगा। नायब सिंह ने यह भी घोषणा की कि हरियाणा के हर ब्लाक में कम से कम एक आई.टी.आई. खोली जाएगी। राज्य के 142 ब्लाक में से 26 ब्लाक ऐसे हैं जहां आई.टी.आई. नहीं है। इनमें से 6 ब्लॉकों में नए सरकारी आई.टी.आई. खोलने का प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुका है और भवन निर्माण प्रक्रिया में है। शेष 20 ब्लाकों में भी आई.टी.आई. खोले जाएंगे जिन पर 400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि युवाओं का विदेशी भाषा सीखने और उसे संबधित एजेंसी से प्रमाणित करवाने का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि आज से हॉरट्रान एडवांस्ड स्किल सेंटर परियोजना शुरू कर रहे हैं। इसके तहत पहले वर्ष में 87 एडवांस्ड स्किल सेंटर खोले जाएंगे। ये केंद्र ठरदऋ मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे। इससे हमारे युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कौशल मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले हॉरट्रान के स्किल सेंटर मुख्य रूप से जिला स्तर पर ही खुले हुए थे। अब एडवांस्ड स्किल सेंटर उप-मंडल और ग्रामीण विकास खंडों पर भी खोले जाएंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन जैसी उभरती हुई तकनीकों में उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएँ बढ़ेंगी।

### 10 वर्षों में हमने युवाओं को दिया खुला आसमान

उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के हित में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। पिछले दो कार्यकालों के 10 वर्षों में हमने पूरा प्रयास किया है कि आपको खुला आसमान दें। हमने आपको 21वीं सदी की आधुनिक शिक्षा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर रहे हैं। हाथ के हुनर से कमाल करने वाले नौजवानों की मदद के लिए पी.एम. विश्वकर्मा योजना लागू की है। प्रदेश के युवाओं को स्किल से जोड़ने के लिए राज्य में देश का पहला विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय भी खोला गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां एचसीएस जैसी नौकरियों की बन्दरबाट सत्ताधारी नेताओं के रिश्तेदारों में होती थी वहीं हमारी सरकार ने युवाओं को मेरिट के आधार पर लगाया है , कई गरीब घरों के प्रतिभावान युवा एचसीएस नौकरी लगे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 10 सालों में हमने बिना पर्ची-खर्ची के 1 लाख 71 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं और तीसरे कार्यकाल में 2 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर पक्की सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा हुआ है।

### विदेशों में बसे हरियाणवियों के लिए बनाया 'ग्लोबल हरियाणवी' पोर्टल

उन्होंने बताया कि जो हरियाणवी दूसरे देशों में बसे हुए हैं और उनके परिवार यहीं पर हैं। ऐसे हरियाणवियों के लिए हमने 'ग्लोबल हरियाणवी केन्द्र' नामक एक पोर्टल बनाया है। इस पर वे अपनी समस्याओं को डालकर मदद पा सकते हैं। चाहे वह जमीन-जायदाद से जुड़ी हुई समस्या हो या परिवार में किसी भी प्रकार के झगड़े की अथवा प्रदेश में निवेश करने के लिए उनकी इच्छा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्राइवेट क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के लिए सरकार ने 'डुअल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग' के तहत लगभग 258 उद्योगों के साथ साझेदारी कर व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का भी काम शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक राज्य का हर युवा हुनरमंद हो और वित्तीय रूप से समृद्ध हो। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्कूलों में ठरदऋ कॉलेजों में 'पहल योजना', विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन सेंटर और तकनीकी संस्थानों में उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण के लिए उद्योगों के साथ एम.ओ.यू. करने जैसे कारगर कदम उठाये गये हैं। उन्होंने युवाओं से राजनीति में भागीदारी करने का भी आान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं से आान किया है कि उन्हें सक्रिय राजनीति में आगे आना चाहिए , क्योंकि आने वाला समय युवाओं का है।

### कौशल के माध्यम से बनाया युवाओं को हुनरमंद

उन्होंने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भी युवाओं को न केवल रोजगार दिया है बल्कि उनके रोजगार की सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। 'नल जल मित्र' कार्यक्रम के तहत हीरो मोटो कॉर्प लिमिटेड से 6 हजार युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाया है। वे ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति में मदद कर रहे हैं। हमारी सरकार ने 'ड्रोन दीदी योजना', 'कॉन्ट्रेक्टर सक्षम युवा योजना', और 'आई.टी. सक्षम युवा योजना' जैसी योजनाओं की शुरूआत की है। इस योजना से 25 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिले हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डोंकी रुट से युवाओं के विदेश भेजने पर चिंता जाहिर करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस गलत प्रक्रिया से बचाएं। उन्होंने बताया कि विदेशों में रोजगार की तलाश करने वाले युवाओं की मदद के लिए 'विदेश सहयोग विभाग' बनाया है।

### युवा अपनी ऊर्जा को नवाचार के सदुपयोग में लगाएं : गौरव गौतम

खेल एवं युवा सशक्तिकरण व उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज का दिन युवाओं में साहस और ऊर्जा का संचार करने वाला दिन है। उन्होंने विवेकानंद द्वारा कहे वो शब्द दोहराए जिनमे उन्होंने कहा था कि मुझे 100 युवा दे दीजिये , मैं भारत की तकदीर बदल सकता हूँ। उन्होंने कहा कि अगर विवेकानंद आज होते तो वे डिजिटलकरण के इस युग में इंटरनेट को केवल मनोरंजन का साधन बनाने की बजाए अपनी ऊर्जा को नवाचार में सदुपयोग करने के लिए युवाओं को प्रेरित करते। गौतम ने हरियाणा को खेलों का पॉवर हाउस और पदकों की खान का दर्जा देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा: मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश के नौजवानों के साथ उनका परम मित्र वाला नाता है और साथ ही विश्वास जताया कि युवा शक्ति का सामर्थ्य ही भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बनाएगा। विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ लोगों को भारत का लक्ष्य मुश्किल लग सकता है लेकिन यह असंभव नहीं है।

उन्होंने कहा, बड़े सपने देखना, एक मजबूत प्रतिबद्धता बनाना और एक निर्धारित समयसीमा के भीतर उन सपनों को प्राप्त करना पूरी तरह से संभव है। उन्होंने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए, उसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। एक लक्ष्य के बिना जीवन अकल्पनीय है ! लक्ष्य हमें उद्देश्य और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जब हम महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो हम उन्हें पूरा करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। आज भारत इसी भावना को मूर्त रूप दे रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकी भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा, जहां अच्छी कमाई और पढ़ाई के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी कौशल से लैस होगी। जहां युवाओं के पास अपने सपने पूरा करने के लिए खुला आसमान होगा। उन्होंने कहा कि भारत की युवा आबादी की क्षमताएं देश को विकसित होने में मदद करेंगी।

उन्होंने देश की युवा आबादी की ताकत और संख्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर 'विकसित भारत' की भावना उसके हर कदम, नीति और निर्णय का मार्गदर्शन करती है तो कोई भी ताकत भारत को विकसित देश बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा, किसी देश को आगे बढ़ने के लिए बड़े लक्ष्य तय करने होते हैं... आज भारत यही कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में समय से पहले ही कई लक्ष्यों को हासिल कर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत ने 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है और इसे हासिल कर लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार अकेले देश को आगे नहीं बढ़ा सकती और उन्होंने देश भर से आए युवाओं से कहा कि 'विकसित भारत' में स्वामित्व अकेले मोदी का नहीं है, बल्कि उनका भी है। उन्होंने कहा, आपके विचार देश की नीतियों का हिस्सा होंगे और इसे दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होती है।

## रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूटे, पीएम को जवाब देना चाहिए: प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई है। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गुजरात का मुख्यमंत्री रहने के दौरान दिए गए एक बयान का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इतिहास में पहली बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये हो गई है। उन्होंने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जब एक डॉलर की कीमत 58-59 रुपये थी, तब नरेन्द्र मोदी रुपये की कीमत को सरकार की आबरू से जोड़ते थे। वह कहते थे, मुझे सब मालूम है। किसी देश की करेंसी ऐसे गिर नहीं सकती... कांग्रेस नेता ने कटाक्ष किया, आज वह खुद प्रधानमंत्री हैं और रुपये की गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। उन्हें देश की जनता को जवाब देना चाहिए।



## किसानों से बात करके डल्लेवाल का अनशन खत्म कराएं प्रधानमंत्री: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना अहंकार त्यागकर और बातचीत करके डल्लेवाल का अनशन खत्म कराना चाहिए। किसान नेता डल्लेवाल फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 से आमरण अनशन पर हैं। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 45 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है। लेकिन भाजपा सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। इसी हठधर्मिता ने किसान आंदोलन में 750 किसानों की जान ले ली थी। उन्होंने सवाल किया कि किसानों के प्रति इतनी निष्ठुरता क्यों ? कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया, प्रधानमंत्री जी, कृपया अहंकार छोड़िए और तत्काल किसानों से बात करके डल्लेवाल का अनशन खत्म कराइए।

# महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की जीत से शरद पवार की विश्वासघात की राजनीति का अंत हुआ: शाह

एजेंसी

शिरडी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने 1978 से महाराष्ट्र में विश्वासघात और छल-कपट की राजनीति की, जिसका अंत विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत और स्थिर सरकार बनाने के संकल्प के साथ हुआ। शाह ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य-स्तरीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने पिछले साल के चुनाव में वंशवाद और विश्वासघात की राजनीति को खारिज करके शरद पवार और शिवसेना (उबाठा) नेता उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी।

वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा, राकांपा और शिवसेना के महायुति गठबंधन ने राज्य की 288 सीट में से 230 पर जीत दर्ज की। भाजपा 132 सीट के साथ पहले स्थान पर रही। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) महज 46 सीट पर सिमट गई, इनमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) को क्रमशः 10 और 20 सीट ही मिलीं। शाह ने कहा, शरद पवार ने 1978 में महाराष्ट्र में दगा-फटका (छल-कपट) की राजनीति शुरू की, जिसे 2024 (चुनाव) में लोगों ने नकार दिया। इसी तरह वंशवाद की राजनीति और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को भी नकार दिया गया। जनता ने 2024 के चुनाव में पवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी।

शाह ने कहा कि चुनाव ने महाराष्ट्र में अस्थिरता की राजनीति को भी समाप्त कर दिया, जो 1978 में शुरू हुई थी। वर्ष 1978 में, शरद पवार, जिन्होंने बाद में राकांपा की स्थापना की, 40 विधायकों के साथ वसंतदादा पाटिल सरकार से बाहर निकल गए और मुख्यमंत्री बन गए। शिवसेना (अविभाजित) और भाजपा ने 2019 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद को लेकर गठबंधन तोड़ दिया। भाजपा ने इस कदम को लेकर बार-बार उनका मजाक उड़ाया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं को राज्य में पार्टी की भारी जीत का असली सूत्रधार बताते हुए शाह ने कहा, आप पंचायत से लेकर संसद तक पार्टी की जीत के सूत्रधार हैं। आपको भाजपा को अजेय बनाना है, ताकि कोई फिर से उसे धोखा देने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने और बड़ी संख्या में महिलाओं और किसानों को शामिल करने को कहा।

## योगी ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों से संवाद एवं राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा पुरस्कार वितरण समारोह में अपने विचार व्यक्त किए

# सीएम योगी ने जनपद हाथरस, गोण्डा एवं हरदोई में निर्मित ग्रामीण स्टेडियमों का लोकार्पण किया

सिटी दर्पण

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक संस्कृति को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था। उन्होंने प्रत्येक देशवासी के मन में भारत और भारतीयता के प्रति गौरव की अनुभूति कराने का कार्य किया था। स्वामी विवेकानन्द की प्रेरणा देश की आजादी के आन्दोलन में और उसके पश्चात भी प्रत्येक युवा व भारतवासी के लिए आदर्श है। वर्ष 1893 के शिकागो सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने दुनिया को अवगत कराया कि भारत क्या है। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत क्या है। देश के युवाओं को उन्होंने भारत की विरासत के साथ-साथ आधुनिक विकास के साथ बेहतर समन्वय बनाने के लिए भी नई प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों से संवाद एवं राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा पुरस्कार वितरण समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने जनपद हाथरस, गोण्डा एवं हरदोई में निर्मित ग्रामीण स्टेडियमों का लोकार्पण किया। प्रान्तीय रक्षक दल के मृतक जवानों के चयनित आश्रितों को चयन पत्र वितरित किए तथा ए0आई0 इनेबल्ड युवा सारथी पोर्टल का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ अवॉर्ड विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। इनमें युवक मंगल दल श्रेणी के अन्तर्गत युवक मंगल दल उदयपुर, जनपद वाराणसी, हाटाखास, जनपद सिद्धार्थनगर, ब्राहिमपुर कुसमा, जनपद अम्बेडकरनगर महिला मंगल दल श्रेणी के अन्तर्गत महिला मंगल दल सुरहती जनपद जालौन, स्वार जनपद रामपुर, कनकहा जनपद लखनऊ को पुरस्कृत किया। उन्होंने व्यक्तिगत श्रेणी में अर्शदीप सिंह (जनपद झांसी), अमन (जनपद बागपत), अर्पिता सिंह (जनपद गोरखपुर), अजीत कुमार सोनी (जनपद चन्दौली), सुन्दरम तिवारी (जनपद प्रतापगढ़) सत्यदेव आर्य (जनपद बरेली), सिद्धार्थ राय (जनपद गाजीपुर), स्वेच्छा श्रीवास्तव (जनपद गोरखपुर), अक्षय शुक्ला (जनपद उन्नाव), आर्यन गौड़ (जनपद बुलन्दशहर) को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश भारत के एक अत्यन्त आध्यात्मिक और क्रांतिकारी गुरु स्वामी विवेकानन्द का स्मरण कर रहा है। पूरा देश 12 जनवरी की तिथि को स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के रूप में आयोजित करता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देश में युवाओं से सम्बन्धित अनेक आयोजन हो रहे हैं। इन आयोजनों प्रधानमंत्री तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों की सहभागिता व सहयोग देश के युवाओं को प्राप्त हो रहा है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि चुनौती जितनी बड़ी होती है, जीत उतनी ही शानदार होती है।



उनका यह कथन युवाओं के लिए आज भी मार्गदर्शन का कार्य कर रहा है। जब देश गुलाम था तो यह युवा संन्यासी देशवासियों का आान कर रहा था कि चुनौतियों से भागिए मत उसका डटकर मुकाबला करिये। अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर गौरव की अनुभूति कीजिए, लेकिन आधुनिक ज्ञान व विज्ञान से स्वयं को वंचित नहीं करना है। उनके मध्य बेहतर समन्वय होना चाहिए।

# सुक्खू ने नादौन के अमलैहड़ में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास किया

## 25 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित स्कूल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा

सिटी दर्पण
नादौन/शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलैहड़ में 125 कनाल भूमि पर 25 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास किया। उन्होंने अधिकारियों को इस स्कूल के प्राइमरी विंग को एक साल के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। स्कूल में आधुनिक खेल सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में तीन अलग-अलग निदेशालय बनाने पर विचार किया जा रहा है, जिसमें प्री-प्राइमरी से लेकर दूसरी, तीसरी से बारहवीं और स्नातक के लिए अलग निदेशालय बनाने पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। आने वाले समय में राज्य सरकार इस संबंध में फैसला करेगी।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से प्रदेश सराकर ने शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की शुरूआत की है। प्रदेश में 10 विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सरकार की परिकल्पना है। इसलिए राज्य सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित कर रही है।



उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में एक ही छत्त के नीचे सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी ताकि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन स्कूलों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने स्टाफ का प्रावधान किए बिना 600 स्कूल खोल दिए। वर्तमान सरकार ने फैसला किया कि इन स्कूलों को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक इनमें पर्याप्त स्टाफ का प्रावधान नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों के कारण गुणात्मक शिक्षा का स्तर गिरा और हिमाचल प्रदेश देश में 21वें स्थान पर पहुंच गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में शिक्षा विभाग में 11,833 पद स्वीकृत किए हैं। 3,196 टीजीटी, जेबीटी तथा सीएंडवी शिक्षकों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है तथा अन्य पदों को राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 6,297 अर्ली चाइल्डहुड केयर एजुकेशन ट्यूटर, 5,291 टीजीटी, शास्त्री तथा जेबीटी के साथ-साथ 245 स्पेशल एजुकेटर की भर्ती की जा रही है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गाय का दूध 45 रुपये तथा भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। प्राकृतिक खेती से उत्पन्न मक्की 30 रुपये तथा गेहूं 40 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदी जा रही है। प्रदेश सरकार ने 4,000 मीट्रिक टन प्राकृतिक मक्की की खरीद की है। मनेरगा की दिहाड़ी 60 रुपये बढ़ाकर 240 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये की गई है। आगामी समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए और कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को गुणवत्तायुक्त सुविधाएं देने का प्रयास कर रही है। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर सुधार किया जा रहा है। आईजीएमसी शिमला, टांडा, हमीरपुर, नेरचौक चिकित्सा महाविद्यालयों और अटल सुपर स्पेशिएलिटी चिकित्सा संस्थान चमियाणा में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल टेक्नोलॉजी स्थापित की जा रही है ताकि प्रदेश के लोगों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिल सकें और उनके बहुमूल्य समय और धन की बचत हो सके। उन्होंने अमलैहड़ ग्राम पंचायत का नया भवन बनाने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुभाष डढवालिया, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी हमीरपुर राहुल चौहान सहित पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता: सुरिंदर चौधरी




सिटी दर्पण
जम्मू

सरकार की जन-केंद्रित नीति पर जोर देते हुए उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने कहा कि समग्र विकास के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाना वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री यह बात आर.एस.पुरा में जाट सभा द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर जम्मू पूर्व के विधायक विक्रम रंधावा, पूर्व मंत्री मंजीत सिंह, चैधरी सुखनंदन, गारू राम, डीडीसी सदस्य, जाट सभा के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। जन-केंद्रित पहलों का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हम बिना किसी पक्षपात के समान आधार पर विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। इन पर काम की गति बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी भी की जा रही है। इस अवसर पर बोलते हुए जाट सभा के सदस्यों ने अपने समुदाय को प्रतिनिधित्व देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। बाद में, उपमुख्यमंत्री ने लोहड़ी समारोह के सिलसिले में जाट सभा द्वारा आयोजित एक समारोह में भी भाग लिया। वहां लोगों से बातचीत करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि लोहड़ी जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि लाएगी।

# जावेद डार ने रामबन के पीड़ितों के परिवार को संवेदना व्यक्त करने हेतु चिजहामा रफियाबाद का दौरा किया

सिटी दर्पण
जम्मू



कृषि उत्पादन और ग्रामीण विकास मंत्री जावेद अहमद डार ने रामबन में सड़क दुर्घटना में मारे गए दो भाईयों दानिश इम्तियाज खान और यासर इम्तियाज खान के शोकग्रस्त परिवार से मुलाकात की। मंत्री ने बारामुला जिले के रफियाबाद क्षेत्र में स्थित चिजहामा गांव में परिवार के निवास पर जाकर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में उन्हें सहायता प्रदान की। इम्तियाज अहमद खान के बेटों दानिश और यासर के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मंत्री ने परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकग्रस्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की।

10 जनवरी को श्रीनगर से जम्मू जा रहे ट्रक में सवार होकर एक घातक दुर्घटना में दोनों भाईयों की मौत हो गई। बताया जाता है कि ट्रक रामबन इलाके में सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में उन्हें सभी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# पारंपरिक व्यंजन डमलांटी के साथ राजगढ़ में आरंभ हुआ माघी पर्व

सिटी दर्पण
नाहन



गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में तीन दिवसीय माघी पर्व डमलांटी पारपंरिक व्यंजन के साथ आरंभ हुआ। डमलांटी के दिन लोग सांय को अपने घरों में आटा को गुड़ के साथ बिना घी से पकाते हैं। इस मीठे आटा को कई स्थानों पर मीठा आटा तथा कई गांव में बाड़ी भी कहा जाता है, जिसे देशी घी के साथ डूबों कर खाया जाता है।

राजगढ़ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश आर्य का कहना है कि गुड़ निर्मित मीठा आटा की ताहसीर गर्म होती है जिसे लोग डमलांटी के अलावा भी सर्दियों में अक्सर इसका इस्तेमाल किया जाता है। इनका कहना है कि मकर सक्रांति को सूर्य भगवान उतरायण हो जाते है तथा सर्दी का प्रकोप कम होने के साथ साथ दिन भी बढ़ने लग जाते हैं। उन्होने बताया कि डमलांटी दूसरे दिन अर्थात लोहड़ी को शाम को कुछ स्थानों पर सीडडू तथा अस्कली बनाई जाती है। जबकि मकर सक्रांति के दिन सुबह खीर पटांड़े बनाए जाते हैं।

इनका कहना है कि इस पर्व पर राजगढ़ क्षेत्र में लोहड़ी की रात को अलाव इत्यादि नहीं जलाया जाता है और न ही रेवड़ी, गज्जक, मूंगफली इत्यादि से अग्नि की पूजा की जाती है। हालांकि कुछ लोग इस त्यौहार को खिचड़ी बनाकर भी मनाते हैं। इनका कहना है कि मकर संक्रांति को समूचे राजगढ़ क्षेत्र में देव पूजा का विशेष विधान होता है। इस दिन लोग अपने मंदिरों में जाकर अपने कुलदेवता का आर्शिवाद प्राप्त करते हैं। बता दें कि सिरमौर व शिमला जिला में वर्ष के दौरान पड़ने वाली चार बड़ी साजी अर्थात बैशाखी, हरियाली, दिवाली और माघ की साजी को अपने कुल देवता व देवी की पारंपरिक पूजा करने का विशेष विधान है। लोगों की आस्था है कि इन चार बड़ी साजी पर पीठासीन देवता की पूजा से देवी देवता प्रसन्न होते है। दूसरी ओर गिरिपार क्षेत्र में रेणुका शिलाई में माघी पर्व एक सप्ताह तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाते है।

जिसमें गिरिपार के अत्यधिक ठंड वाले क्षेत्रों में माघी त्योहार पर बकरों को काटा जाता है यह प्रथा वर्तमान में भी कायम है। माघी पर्व पर गिरिपार क्षेत्र में मेहमान नवाजी की प्रथा आज भी प्रचलित है। लोग अपने सगे संबंधियों विशेषकर बेटियों को आमंत्रित करते हैं।

# प्रदेश में अराजकता की स्थिति, 2 महीने से बंद है ट्रेजरी: जयराम

सिटी दर्पण
शिमला



शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार की नाकामियों की वजह से अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि पिछले दो महीने से प्रदेश की ट्रेजरी अघोषित रूप से बंद है, लोग सरकार से अपने पैसे भी वापस नहीं पा रहे हैं। ट्रेजरी से हर प्रकार के भुगतान रुके हैं जिसकी वजह से प्रदेश का नुकसान हो रहा है। प्रदेश में आज तक ऐसी स्थिति कभी नहीं आई की इस प्रकार से अघोषित रूप से ट्रेजरी बंद करनी पड़ी हो और आम आदमियों से लेकर तमाम सेवाओं के वेंडर्स के भुगतान रुके पड़े हो। आज तक प्रदेश में ऐसी स्थिति नहीं आई की एसेंशियल दवाओं की सप्लाई भी दवा सप्लायरों ने रोक दी हो। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार वह सारे काम कर रही है जो एक नाकाम सरकार की निशानी होती है। इतनी नाकामी के साथ प्रदेश के लोगों को परेशान करने के बाद भी यह सरकार व्यवस्था परिवर्तन का हवाला देकर वाहवाही लूटना चाहती है। सुक्खू सरकार व्यवस्था पतन की सरकार है जिसकी नाकामी की कीमत पूरे प्रदेश के लोग चुका रहे हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रसिद्ध नाटी किंग कुलदीप शर्मा जी द्वारा मेरी साहिबुए लोकगीत का विमोचन किया गया

शिमला। हिमाचल के प्रसिद्ध नाटी किंग कुलदीप शर्मा जी द्वारा ह्यमेरी साहिबुएह्व लोकगीत का विमोचन किया गया जो कि डॉ मनोज गंधर्व द्वारा गाया गया है इसकी लिरिक्स और धुन बबलू बॉबी तथा संगीत राजीव नेगी ने दिया है और डायरेक्टर और वीडियोग्राफी मनी चौधरी द्वारा की गई है इस उपलक्ष में डॉक्टर मनोज गंधर्व के माता-पिता भी उपस्थित थे इस गाने में डॉक्टर मनोज गंधर्व की धर्मपत्नी डिंपल गंधर्व ने एक मॉडल के रूप में भूमिका निभाई है और साथ ही विवेक कौशल तथा नीलम कुमार भी यहां पर उपस्थित रहे इस उपलक्ष पर कुलदीप शर्मा जी ने डॉक्टर मनोज गंधर्व जी को बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा यह एक सराहनीय प्रयास है तथा हिमाचल के लोगों को उनकी यह प्रस्तुति बहुत अच्छी लगेगी इसी के साथ कुलदीप शर्मा ने डॉक्टर मनोज गंधर्व के सुनहरे भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी।

### हिमाचल के इन पर्यटन स्थलों में सैलानियों से बढ़ी रौनक, होटलों में मिल रहा है डिस्काउंट

शिमला। बर्फबारी के पूवार्नुमान के बीच बड़ी संख्या में सैलानियों ने हिमाचल का रुख करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार के बाद शनिवार को भी शिमला, मनाली, धर्मशाला, चायल और कसौली में पूरे दिन सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। इन दिनों पर्यटन विकास निगम और निजी होटलों में 20 से 40 फीसदी तक ऑफ सीजन डिस्काउंट भी चल रहा है। छूट का लाभ लेने के लिए भी सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। हिल्सक्वीन शिमला में शनिवार को दिनभर पर्यटकों ने रिज मैदान और माल रोड पर सुहाने मौसम में घूमने का आनंद लिया। सैलानियों ने रिज मैदान पर घुड़सवारी और फोटोग्राफी का लुत्फ उठाया। बर्फ में अठखेलियां करने के लिए सैलानियों ने शिमला से नारकंडा का रुख किया। उधर, अटल टनल रोहतांग से होकर बड़ी संख्या में सैलानी बर्फ का लुत्फ उठाने के लिए सिस्सू पहुंचे। रोजाना 5 से 7 हजार पर्यटक वाहन सिस्सू पहुंच रहे हैं। सैलानियों की संख्या बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खासे उत्साहित हैं। नए साल के जश्न के बाद भी प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों के पहुंचने का क्रम जारी है। वीकेंड पर मनाली में 1300 से 1400 पर्यटक वाहन पहुंच रहे हैं, जबकि सामान्य दिनों में वाहनों की संख्या 1000 से 1100 चल रही है। पिछले दिनों हुई ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भीड़ बढ़ गई है। बंजार के सोझा-जिभी से लेकर मणिकर्ण व मनाली तक वीकेंड में 2500 पर्यटक वाहन आ रहे हैं। रोजाना करीब 100 वोल्वो भी सैलानियों को लेकर मनाली पहुंच रही हैं। मैदानी राज्यों में इन दिनों कोहरे के कारण भीषण ठंड पड़ रही है, जबकि शिमला सहित प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मौसम सामान्य चल रहा है। दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों से सैलानी ठंड से राहत पाने के लिए भी पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल हिमाचल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि बर्फबारी के पूवार्नुमान के बाद प्रदेश में सैलानियों की संख्या बढ़ी है।

### वर्तमान कांग्रेस सरकार के राज में विद्यार्थियों का भविष्य उनके खुद के हाथः हर्ष महाजन

शिमला। भाजपा के नेता एवं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने गेयटी थियेटर में कुमारसैन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, धर्मपाल ठाकुर खांड, आकाश सैनी, जिला परिषद कैथल, नरेश द्दष्टा उपस्थित रहें। हर्ष महाजन ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के राज में विद्यार्थियों का भविष्य उनके खुद के हाथ में है, क्योंकि सुक्खू सरकार के दौर में उनके हाथ में कुछ नहीं है। कांग्रेस सरकार पूरी तरह से निकम्मी सरकार सिद्ध हो गई है। हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में उनके नेताओं द्वारा दी गई सभी गारंटियों पर ताला लग चुका है। यह ताला गारंटियों से बड़ा है, इस सरकार ने प्रदेश में हो रहे सारे प्रगतशील कार्य पर ताला लगा दिया है। महाजन ने कहा कि भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बढ़िया, तगड़ा और शक्तिशाली होगा जिसके नेतृत्व में भाजपा अगले विधानसभा चुनावों में 60 से अधिक सीटें जीतेगी। हर्ष महाजन ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी गारंटियों को लेकर स्थिर नहीं उनकी भाषा लाहौल स्पीति में कुछ और होती है और जब वह शिमला में पहुंचते है तो यहां वाणी बदल जाती है। आईजीएमसी में आउटसोर्स पर तैनात 132 कर्मियों सेवाएं समाप्त हो गई है। पूरे प्रदेश में 5 लाख नौकरियां देने वाली सरकार आज एक लाख नौकरी छीनने वाली सरकार बन गई है, ना बिजली के 300 यूनिट फ्री मिलेंगे, ना किसानों को उनका हक मिलेंगे, ना महिलाओं को 1500 मिलेगे।

### शिमला में विजिलेंस विभाग में तैनात 50 वर्षीय होमगार्ड जवान की करंट लगने से मौत

शिमला। राजधानी शिमला के न्यू शिमला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में विजिलेंस विभाग में तैनात 50 वर्षीय होमगार्ड जवान रविंदर पुत्र फकीर चंद की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना शनिवार शाम को उनके सरकारी क्वार्टर में घटी, जब वह ड्यूटी से बाहर थे। रविंदर जिला शिमला की कुमारसेन तहसील के कठीन गांव के निवासी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि घटना के समय रविंदर विजिलेंस मुख्यालय के पास स्थित अपने क्वार्टर में अकेले थे। उनके कमरे में एक हीटर रखा था, जिसे वह खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करते थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, खाना बनाते समय हीटर से करंट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही न्यू शिमला थाना के अन्वेषण अधिकारी और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्वोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

## जम्मू-कश्मीर को भारत में खेल हब बनाने की पहल पर चर्चा की

# सतीश शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया से भेंट की

सिटी दर्पण
नई दिल्ली



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन, युवा सेवा एवं खेल, सूचना प्रौद्योगिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि एवं प्रशिक्षण मंत्री सतीश शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से भेंट की और जम्मू-कश्मीर के समग्र विकास, विशेष रूप से युवा सेवा एवं खेल से संबंधित संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। शुरू में, मंत्री ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गई उल्लेखनीय पहलों के लिए हार्दिक आभार एवं प्रशंसा व्यक्त की।

सतीश शर्मा ने कहा कि मंत्रालय द्वारा जम्मू-कश्मीर को दिए गए सक्रिय प्रयासों, अटूट प्रतिबद्धता और निरंतर समर्थन ने क्षेत्र में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को काफी मजबूत किया है। खेलो इंडिया जैसे विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों के तहत पहलों ने युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि खेल बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की परियोजनाओं ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं में नई उम्मीद और उत्साह भरा है। सतीश शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर अपनी अनूठी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता के साथ विभिन्न खेल विधाओं में अपार प्रतिभा रखता है और इस क्षेत्र के युवाओं में खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की महत्वपूर्ण क्षमता और आकांक्षाएं हैं, जिसके लिए बेहतर बुनियादी ढांचे और केंद्रित विकासात्मक पहल की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिभाओं को प्रभावी ढंग से निखारने के लिए अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे और केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण/सीमावर्ती क्षेत्रों में खेलो इंडिया केंद्रों और बुनियादी ढांचे के समर्थन, अखनूर, राजौरी, पुंछ, कुपवाड़ा आदि जैसे सीमावर्ती/ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडबॉल पर ध्यान केंद्रित करने, एसएआई केंद्रों, जम्मू-कश्मीर की अनूठी भौगोलिक स्थिति का उपयोग करने के लिए प्रसिद्ध गंतव्य में साहसिक और शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने, गुलमर्ग और सोनमर्ग, पहलगाम आदि जैसे अन्य संभावित केंद्रों और जम्मू प्रांत के बफीर्ले भागों में शीतकालीन खेलों के लिए सुविधाओं का विस्तार/संवर्द्धन करने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों को आकर्षित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपायों की ओर भी केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। सतीश शर्मा ने फुटबॉल, कुश्ती, टेबल टेनिस, जल खेल, हॉकी आदि का समर्थन करने के लिए उच्च प्रदर्शन कोचों की नियुक्ति, शांति और विकास पहल के तहत उपकरणों के लिए उत्तर पूर्व को दी गई योजना का कार्यान्वयन, समावेशिता सुनिश्चित करने और अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में खेलो इंडिया प्रतिभा पहचान शिविर आयोजित करके प्रतिभा पहचान पर विशेष ध्यान, जम्मू और कश्मीर में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने हेतु पेशेवर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कोचों, प्रशिक्षकों और खेल प्रशासकों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने जैसे कुछ महत्वपूर्ण उपायों की ओर भी केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। केंद्रीय मंत्री ने सतीश शर्मा द्वारा प्रस्तुत सभी मुद्दों और मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और उन पर शीघ्र कार्रवाई करने का आष्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बेहतर खेल बुनियादी ढांचे और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है : नायब सैनी

## वकील नए कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने में करें योगदान

सिटी दर्पण
चण्डीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वकालत केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह जनसेवा का माध्यम है और वकील देश की न्यायप्रणाली में योगदान देकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। वकालत का क्षेत्र केवल कानून के ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि अच्छी सोच वाले वकील समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाते है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने यह बात चण्डीगढ़ स्थित लॉ भवन में हरियाणा एवं पंजाब बार कौसिंल द्वारा आयोजित नये वकीलों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 1145 नये वकीलों को शपथ दिलवाई और उन्हें लाइसेंस प्रदान किए।




श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रवादी विजन का परिणाम है कि आजाद भारत ने 7 दशक के बाद गुलामी के समय बनाए गए और वर्तमान में अवांछित 3 कानूनों से मुक्ति पाई है। उन्होंने सभी नये वकीलों से अनुरोध करते हुए कहा कि वे नए कानूनों के बारे में आम जनता को जागरूक करने में भी सहयोग करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 3 नए आपराधिक कानून बनाने के अलावा लगभग 1600 ऐसे कानूनों को समाप्त किया है जिनकी वर्तमान में कोई व्यवहार्यता नहीं है। हरियाणा में भी 175 अनावश्यक कानूनों की पहचान की है, इनमें से 28 को निरस्त किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा बनाए गए तीनों नए कानूनों को लागू करने के लिए प्रशिक्षण, इन्फ्रास्ट्रक्चर, व तकनीक के विकास, जन-जागरूकता आदि के लिए निरंतर काम किया जा रहा है और नये आपराधिक कानूनों को कारगर ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं। इन नए कानूनों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के लिए लगभग 300 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। साथ ही , 43 हजार से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों को 3 नये कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया है। इनमें लगभग 10 हजार अनुसंधान अधिकारी भी शामिल हैं। प्रदेश की सभी 97 प्रयोगशालाओं के विशेषज्ञों को भी प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश के सभी 555 न्यायिक अधिकारियों को भी तीन नए आपराधिक कानूनों के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है और सभी 2,167 जेल अधिकारियों व कर्मचारियों व सभी 741 लोक अभियोजकों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार वकीलों और न्यायपालिका को आवश्यकता अनुसार हर संभव योगदान दे रही है। सरकार वकीलों के लिए आधुनिक सुविधाएं, तकनीकी संसाधन और प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनिश्चित कर रही है, ताकि सभी अपने कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि वकीलों और न्यायपालिका के बीच तालमेल, पारदर्शिता और नैतिकता का होना जरूरी है। कानून का शासन किसी भी लोकतांत्रिक देश की नींव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजीटल युग में कानून के क्षेत्र में भी बदलाव हो रहे हैं। नई तकनीकों का उपयोग वकीलों के लिए भी अवसरों के नए द्वार खोल रहा है। सभी वकील नई तकनीकों को अपनाएं और न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने नए वकीलों से कहा कि सभी को अपने नैतिक मूल्यों को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। वकालत न केवल आपकी योग्यता का प्रमाण होगी बल्कि आपके नैतिक मूल्यों का भी परिचायक होगी। इसलिए हमेशा सत्य और न्याय के पक्ष में खड़े रहें और अपने पेशे का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए भी करें।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बार कौंसिल ने पिछले 63 सालों में नई मंजिलें तय की हैं। यह बार कौंसिल देश की बहुत पुरानी बार कौंसिल में से एक है। इस कौंसिल ने ऐसे वकील देश को प्रदान किए हैं जिन्होंने आगे चलकर पंजाब व हरियाणा राज्यों में ही नहीं, बल्कि देशभर के उच्च न्यायालयों और भारत के उच्चतम न्यायालय में भी उच्च पदों को सुशोभित किया है। इस कौंसिल ने उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, देश के कानून व रेल मंत्री, पंजाब व हरियाणा के एडवोकेट जनरल, एडिशनल सालिसिटर जनरल आदि प्रदान किए हैं। वर्तमान में इस बार कौंसिल के अंतर्गत हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ की विभिन्न 150 बार एसोसिएशन आती हैं। कौंसिल के पास 1 लाख 52 हजार से अधिक सदस्य पंजीकृत हैं।

इस अवसर पर हरियाणा के एडवोकेट जनरल श्री परविंद्र सिंह चौहान, हरियाणा एवं पंजाब बार कौसिंल के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र सिंह अहलावत, उपाध्यक्ष चेतन शर्मा सहित बार के अन्य पदाधिकारीगण और नए वकील उपस्थित थे।

## खेल मंत्री ने दी बास्केटबॉल की विजेता टीमों को बधाई

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने ऑल इंडिया बास्केटबॉल सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता की हरियाणा की महिला व पुरुषों की विजेता टीमों को बधाई दी। विजेता टीमों के खिलाड़ी आज खेल मंत्री गौरव गौतम से उनके चंडीगढ़ निवास पर मिले। इस मौके पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति का खिलाड़ियों को पूरा लाभ मिल रहा है। हमारे खिलाड़ी राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। हरियाणा की खेल नीति का देश के दूसरे राज्य भी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए अग्रसर है।



बता दे की ऑल इंडिया बास्केटबॉल सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता 3 से 8 जनवरी को दिल्ली में आयोजित की गई थी, जिसमें हरियाणा की पुरुषों की टीम ने कांस्य पदक और महिलाओं की टीम ने रजत पदक जीता। पुरुषों की टीम के कप्तान जींद के वरिष्ठ कोच अनिल आर्य रहे। इस प्रतियोगिता में पुरुषों की टीम ने पहली बार पदक जीता है। इस मौके पर बास्केटबॉल कोच अमरजीत कौर व हर्ष, फेंसिंग कोच कोमल, हैंडबॉल कोच मनोज कुंडू व अन्य कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

## लाडवा की धरा पर हर्षोल्लास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा लोहड़ी पर्व: सुभाष सुधा

अनिल गोयल
लाडवा (सिटी दर्पण)

- मुख्यमंत्री सैनी करेंगे लोहड़ी पर्व पर शिरकत
- पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व सीएम कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि लोहड़ी का महापर्व 2025 लाडवा की धरा पर पूरे जोश, उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस महापर्व का आयोजन लाडवा अनाजमंडी में करीब 4 बजे आयोजित किया जाएगा। इस लोहड़ी महापर्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। अहम पहलु यह है कि प्रसिद्ध पंजाबी गायक लोहड़ी महापर्व का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को देर सायं लाडवा अनाजमंडी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत कार्यकताओं से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, नगर पालिका की अध्यक्षा साक्षी खुराना, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा ने कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया और 13 जनवरी को सायं करीब 4 बजे शुरू होने वाले लोहड़ी महापर्व की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं और भाजपा नेताओं की डयूटियां भी लगाई। इस दौरान सभी भाजपा नेताओं, कार्यकताओं को आवश्यक प्रबंध करने की जिम्मेवारी सौंपने के साथ-साथ लाडवा विधानसभा के हर नागरिक तक लोहड़ी महापर्व का निमंत्रण पहुंचाने की डयूटी भी लगाई है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस वर्ष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लोहड़ी का महापर्व लाडवा अनाजमंडी में हर्षोल्लास और परम्परा के अनुसार मनाया जाएगा और प्रदेशवासियों की सुख शांति के लिए पूर्जा अर्चना की जाएगी। इस कार्यक्रम में खुशिया मनाने, मनोरंजन करने के लिए प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इस महा पर्व की संध्या को पंजाबी कलाकार यादगार बनाएंगे और लाडवा विधानसभा के सभी नागरिक एक मंच पर पहली बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ लोहड़ी का पर्व मनाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस लोहड़ी महापर्व में पहुंचकर मुख्यमंत्री के साथ लोहड़ी मनाए। इस मौके पर अमित खुराना, नरेन्द्र सिंह, दीपक, विमलेश गर्ग, राजू, देवराज, सुरेन्द्र सिंघल, अवतार सिंह, वेद पटवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में बजा हरियाणा का डंका

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

- हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण पदक,वहीं महिला टीम ने किया रजत पदक हासिल

उत्तराखंड में हरिद्वार के रोशनाबाद स्टेडियम में आयोजित 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। चैंपियनशिप में हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक और महिला टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू- विज्ञान मंत्री और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पुरुष वर्ग में हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड की टीम को 51-21 के विशाल अंतर से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वही महिला वर्ग में हरियाणा की टीम ने भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए कड़ा मुकाबला किया लेकिन 45-44 के अंतर से रजत पदक हासिल किया।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने हरियाणा कबड्डी को एक और नया मुकाम दिया है और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण को सिद्ध किया है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, सचिव नसीब जाँघू, पुरुष व महिला टीम के कोचों और सभी पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कहा कि कबड्डी के इस शानदार सफर में हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिखा दिया कि जब मेहनत, समर्पण और टीम भावना का संगम होता है, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है।

इससे युवा खिलाड़ियों को यह भी प्रेरणा मिलती है कि अपनी कठिनाईयों और संघर्षों के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते रहना चाहिए। यह जीत सभी खिलाड़ियों के लिए एक बडी उपलब्धि है, इससे पूर्व भी खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेल की छाप छोड़ चुके हैं और अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि भविष्य में भी हरियाणा का कबड्डी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रहेगा।

## कैंसर से संबंधित मरीजों की जांच व उपचार कैंप कल लाडवा में

सिटी दर्पण
लाडवा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा के एसएमओ डाक्टर कृष्णकांत ने बताया कि आगामी 14 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रातः 10:00 बजे से 3:30 बजे तक राजीव गांधी कैंसर संस्थान दिल्ली के सहयोग से कैंसर से संबंधित रोगों की जांच व उपचार का एक मेघा मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। जिसका शुभारंभ हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी करेगी। एसएमओ डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि इस कैंप में विशेष रूप से डॉक्टर शशी रहेजा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर विवेक शुक्ला सीएमओ संक्रमित रोग विशेषज्ञ व डॉक्टर बृजेश ओरल सर्जन के साथ-साथ स्थानीय अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस



निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप में रक्तचाप, शुगर, ब्रेस्ट क्लिनिकल टेस्ट, ओरल जांच आदि भी निशुल्क किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कैंप में कैंसर से संबंधित मरीजों के स्वास्थ्य की जांच के उपरांत पाए जाने वाले मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएगी तथा उन्हें पूरा इलाज व आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कैंप का लाडवा व आसपास के क्षेत्र के लगभग 60 गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। डॉक्टर कृष्णकांत ने कहा कि कैंसर जैसी भयानक बीमारी का शुरू में ही पता लगने पर इलाज संभव है अन्यथा यह बीमारी काफी घातक भी हो सकती है। इसलिए समय से ही इसकी जांच व उपचार करवा लेना चाहिए।

## संक्षिप्त-समाचार

### कृषि मंत्री ने 184 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में किए ट्रांसफर

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाते हुए 184 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसमें फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों के लिए 10393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये का अनुदान और 62 करोड़ रुपये का बोनस शामिल है। इस मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) न केवल किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा बल्कि उनके जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाएगा। उन्होंने बताया कि खरीफ-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम की वजह से प्रभावित हुई कृषि और बागवानी फसलों के लिए 2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस देने का फैसला लिया गया था। इसी क्रम में आज 62 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई। इस योजना के तहत अब तक 860 करोड़ रुपये की बोनस राशि 8.18 लाख किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जा चुकी है। फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर अनुदान देने के बारे में कृषि मंत्री ने बताया कि 10393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह कदम पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और उन्नत कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बाद हरियाणा में लिंगानुपात सुधरा: श्रुति चौधरी

चंडीगढ़। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बाद हरियाणा में लिंगानुपात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अब प्रदेश में लिंगानुपात 910 तक पहुँच गया है जबकि वर्ष 2014 में यह 871 था। वे आज भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय चिंतन शिविर के समापन अवसर पर बोल रही थी। श्रुति चौधरी ने म्हारी लाडो रेडियो अभियान, 95% के करीब संस्थागत प्रसव दर और 85% पर मजबूत पहली तिमाही के एएनसी पंजीकरण जैसे प्रभावशाली कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने हरियाणा की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण पर जोर दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा की नवीन पोषण पहल मुख्यमंत्री दूध उपहार योजना ने स्टंटिंग और कुपोषण दरों को और कम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने महिला एवं बाल विकास में काफी प्रगति की है। पिछले दिनों हरियाणा को अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रस्तुत करने वाले प्रमुख राज्यों में से एक के रूप में चुना गया था। उन्होंने बताया कि राज्य के अग्रणी क्रेच मॉडल ने आंगनवाड़ी-सह-क्रेच और स्टैंडअलोन क्रेच का एक नेटवर्क स्थापित किया है जो कामकाजी माताओं को सशक्त बनाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की उक्त कदम बचपन के विकास और लिंग सशक्तिकरण के लिए हरियाणा के दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए नीतियों की फिर से कल्पना करने और रणनीतियों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### हुड्डा ने बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने की मांग की

रोहतक। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को कहा कि बेमौसम बारिश और नहर टूटने से राज्य में बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान हुआ है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत विशेष गिरदावरी (राजस्व मूल्यांकन) करवाए, ताकि किसानों को समय पर मुआवजा मिल सके। रोहतक में संवाददाताओं से मुखातिब हुड्डा ने कहा कि कई गांवों के ऐसे किसानों ने उनसे मुलाकात की, जिनकी फसलों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि फसलों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत गंभीर है और उनकी जान कीमती है। हुड्डा ने कहा, सरकार को तुरंत अपना अड़ियल रवैया छोड़कर बातचीत शुरू करनी चाहिए और इस गंभीर मामले का जल्द से जल्द समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की मांगें वाजिब हैं और वे कोई नयी मांग नहीं कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र पहले ही सैद्धांतिक तौर पर उनकी मांगें मान चुका है और सरकार ने खुद उन्हें एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का वादा किया था। हरियाणा में कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति से जुड़े एक सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने कहा, जब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार नहीं होगा, राज्य का विकास नहीं हो सकता। बेरोजगारी और खराब कानून-व्यवस्था के कारण नशीले पदार्थों की लत की समस्या पूरे राज्य में फैल गई है। हरियाणा में पंजाब से ज्यादा युवाओं की नशे की लत से मौत की खबर सबके सामने है। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बयान से जुड़े सवाल पर हुड्डा ने कहा कि मनोहर लाल खुद एक्सीडेंटल सीएम थे। उन्होंने कहा, ह्लभाजपा सरकार की अपनी कोई उपलब्धि नहीं है। पार्टी के 10 साल के शासन में हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और रोजगार के मामले में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

### विधायक ने बड़ागांव में जताया जनता का आभार

इन्द्री। विधायक एवं चीफ विहिप हरियाणा विधानसभा रामकुमार कश्यप ने रविवार को बड़ागांव में धन्यवादी दौरा कर जनता का आभार व्यक्त किया। गांव में पहुंचने पर लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। विधायक एवं चीफ विहिप रामकुमार कश्यप ने धन्यवादी दौरे के दौरान कहा कि जिस विश्वास व उम्मीद के साथ हलके की जनता ने उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है, वे उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। वे हलके की जनता को विश्वास दिलाते हैं कि जनता के विश्वास व उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगे। उनका ध्येय जनता की समस्याओं के समाधान एवं हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाने पर रहेगा। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी और उनका शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। विधायक एवं चीफ विहिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि भाजपा ने आप लोगों के सहयोग से प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। यह भाजपा के शासन में हुए विकासात्मक योजनाओं व होने वाले विकास कार्यो की जीत है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को और आगे ले जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। सरकार ने प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

## भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फामूर्ला शिक्षक के हाथ में: महीपाल ढांडा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने का सबसे बड़ा फामूर्ला शिक्षक के हाथ मे है। इस फामूर्ले के तहत शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जन-जन तक पहुंचाने की कमान संभालनी होगी। इस प्रदेश में शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा जगत में नई क्रान्ति का सूत्रपात किया जाएगा। इसका आगाज स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के तीन अन्य जिलों से किया गया है।



शिक्षा मंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। शिक्षा मंत्री ने प्रदेशवासियों को स्वामी विवेकानंद जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य होगा। इस प्रदेश में वर्ष 2025 तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खामियों को दूर करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, नागरिक से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इस शिक्षा नीति को लागू करने में अहम्योगदान शिक्षक का होगा ,इसलिए शिक्षकों से सुझाव लेने की पहल की गई है।

महीपाल ढांडा ने कहा कि देश की भावी पीढ़ी को जब देश की संस्कृति और संस्कारों को जानने का अवसर मिलेगा तो निश्चित ही देश वर्ष 2047 तक विश्व गुरु बनेगा और इस दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा।

उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व उनकी टीम को देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने पर बधाई देते हुए कहा कि इस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का दूसरे विश्वविद्यालय व कॉलेज अनुसरण कर रहे हैं। अब इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कमियों को दूर करने के लिए सुझाव मांगे गए हैं। इन सुझावों पर अमल किया जाएगा और बदलाव कर वर्ष 2025 में पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सही प्रकार से लागू किया जाएगा। बाद में , शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हरियाणा में 1 अप्रैल से किसी भी स्कूल में शिक्षक की कमी नहीं रहेगी। इस प्रदेश के हर स्कूल में शिक्षकों को रेशनलाइज करने के आदेश अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। इतना ही नहीं प्रदेश के सभी स्कूलों में जल्द ही इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया जाएगा और अप्रैल माह से पहले स्कूलों की सभी खामियों को दूर करने का प्रयास भी किया जाएगा।

## सोनीपत में तीन जिलों से शिक्षाविदों, अभिभावकों से कैबिनेट मंत्री डॉ शर्मा ने किया संवाद

## मैकॉले पद्धति को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बदलना पीएम मोदी की ऐतिहासिक पहल : डॉ अरविंद शर्मा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को पूर्ण रूप से बदलते हुए नए स्वरूप में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। वैदिक काल में दुनिया भर से विद्वान गुरूकुल शिक्षा व्यवस्था में शोध के लिए भारत आते थे। आज प्रधानमंत्री इस शिक्षा नीति में भारतीयता, भारतीय भाषाओं, संस्कार, मूल्य पर आधारित कौशल विकास व बहुविषयक शिक्षा को बढावा दे रहे हैं, ताकि एक बार फिर भारत विश्व गुरू बन सके। वे सोनीपत जिला के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020-भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव विषय पर आयोजित सम्मेलन में सोनीपत, पानीपत व जीन्द जिला के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों व विद्यालयों के शिक्षकों व अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ अरविंद शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने दुनिया भर में अपने क्रांतिकारी विचारों से युवाओं को जागृत करने, संघर्ष करने और निरंतर सीखने की पदि्त को अपनाने का जो आान किया था, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन विचारों का अक्षरशः पालन कर रहे हैं। सहकारिता मंत्री ने कहा कि हरियाणा में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को गंभीरता से लागू किया। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व व शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा की अगुवाई में हरियाणा इस नीति को लागू करने में देश में अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहा है। उन्होंने शिक्षा नीति की विशेषताओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस नीति में बच्चा दबाव में नहीं, अपितु रूचिकर भाव से शिक्षा ग्रहण करेगा। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा परिषद के चेयरमैन कैलाश चंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी सांझा की। प्राथमिक शिक्षा हरियाणा के निदेशक रिपुदमन सिंह ढिल्लों ने सरकार द्वारा नीति लागू करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

## संपादकीय

# जरूरत है प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को और मजबूत करने की

जी हां मौजूदा हालात में प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को और भी मजबूत करने की जरूरत है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में विश्व भर में 35 मिलियन से अधिक लोगों को शामिल करने वाला भारतीय प्रवासी समुदाय भारत के विशाल अभिगम क्षमता और प्रभाव का प्रतीक है। विश्व भर में सबसे बड़े प्रवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हुए, ये लोग भारत के लिये आर्थिक चालक, सांस्कृतिक राजदूत और रणनीतिक सहयोगी के रूप में काम करते हैं। वर्ष 2024 में 129.1 बिलियन डॉलर के प्रेषण सहित उनके योगदान को प्रवासी भारतीय दिवस के दौरान उत्सव मनाया गया है, जो भारत की वैश्विक पहचान को आयाम देने में उनकी भूमिका का सम्मान करने के लिये 9 जनवरी को द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है। 200 से अधिक देशों में प्रभावी उपस्थिति के साथ, प्रवासी समुदाय भारत को विश्व से जोड़ता है, नवाचार को बढ़ावा देता है, कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करता है तथा 21 वीं सदी में भारत के वैश्विक स्थिति को प्रभावशाली बनाने में योगदान देता है। आइये जानते हैं भारतीय प्रवासी समुदाय की परिभाषा के बारे में। भारतीय प्रवासी से तात्पर्य भारतीय मूल के उन व्यक्तियों से है जो भारत के बाहर रहते हैं, जिनमें प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति दोनों शामिल हैं। प्रवासी समुदाय की श्रेणियाँ की बात करें तो प्रवासी भारतीय वे भारतीय नागरिक हैं जो काम, शिक्षा या अन्य उद्देश्यों के लिये अस्थायी रूप से विदेश में रहते हैं। भारतीय मूल के व्यक्ति भारतीय मूल के विदेशी नागरिक हैं, जो पीढ़ियों से विदेश में रहते आए हैं या बसे हुए हैं, लेकिन भारत के साथ उनका मजबूत सांस्कृतिक संबंध बना हुआ है। भारत के विदेशी नागरिक इस श्रेणी में भारतीय मूल के वे नागरिक शामिल हैं जिनके पास विदेशी नागरिकता है लेकिन उन्हें ओ सी आई कार्ड के माध्यम से भारत सरकार द्वारा विशेषाधिकार प्रदान किये गए हैं। प्रवासी भारतीयों का खासा महत्त्व और योगदान होता है जैसे आर्थिक महत्त्व, प्रशासन और सॉफ्ट पावर में भूमिका, सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना, ज्ञान अर्थव्यवस्था, परोपकारी योगदान आदि शामिल हैं। प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिये सरकार की कई तरीकों से कोशिश करती है। इसमें ई-माइग्रेट, मदाद पोर्टल, प्रवासी भारतीय बीमा योजना, भारत की विदेशी नागरिकता योजना, चलो इंडिया कार्यक्रम, भारत को जानिये क्विज, विजिटिंग एडवांस्ड ज्वाइंट रिसर्च फैकल्टी योजना, रामानुजन फेलोशिप, रामलिंगस्वामी पुनः प्रवेश फेलोशिप, बायोमेडिकल रिसर्च कैरियर प्रोग्राम, प्रवासी बच्चों के लिये छात्रवृत्ति कार्यक्रम, भारतीय समुदाय कल्याण कोष, प्रवासी भारतीय केंद्र, वरिष्ठ अनुसंधान एसोसिएटशिप आदि शामिल हैं। प्रवासी भारतीयों से जुड़ी कई चुनौतियाँ होती हैं। इनमें आर्थिक चुनौतियों में उन्हें वित्तीय अस्थिरता और अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ता है। खाड़ी सहयोग परिषद देशों में भारतीय श्रमिकों को अस्थिर तेल कीमतों और बदलते श्रम कानूनों के कारण प्रायः नौकरी की असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कई प्रवासी सदस्य, विशेष रूप से कम-कौशल वाली नौकरियों में, अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने में असमर्थ हैं, जिसके परिणामस्वरूप अल्प-रोजगार और आय असमानता उत्पन्न होती है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक चुनौतियों में दूसरी और तीसरी पीढ़ी के भारतीयों को अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने, अपनी विरासत को संरक्षित करते हुए मेजबान संस्कृतियों के साथ एकीकरण में संतुलन बनाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कई मेजबान देशों में नस्लवाद और विदेशी द्वेष की घटनाएँ चिंता का विषय बनी हुई हैं, जो प्रवासी सदस्यों के कल्याण को प्रभावित कर रही हैं। राजनीतिक एवं कानूनी मुद्दों में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में सख्त आव्रजन नीतियाँ प्रवासी भारतीयों और उनके परिवारों के लिये चुनौतियाँ उत्पन्न करती हैं, तथा उनके निवास और विकास के अवसर सीमित कर देती हैं। वैवाहिक और संपत्ति संबंधी विवाद प्रायः प्रवासी भारतीयों के जीवन को जटिल बना देते हैं, जिसके लिये राजनयिक और कानूनी हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। समावेशन संबंधी बाधाओं में अनेक प्रवासी सदस्य उन सरकारी योजनाओं से अनभिज्ञ हैं जिनका उद्देश्य उन्हें शामिल करना है, जिसके परिणामस्वरूप इन पहलों का समुचित उपयोग नहीं हो पाता। जटिल प्रक्रियाएँ और लालफीताशाही प्रवासी-केंद्रित कार्यक्रमों में प्रभावी भागीदारी में बाधा डाल सकती हैं। प्रवासी भारतीयों की क्षमता का दोहन करने के लिये हम कई तरीके अपना सकते हैं। आर्थिक रणनीतियों में वैश्विक बाजारों के लिये श्रमिकों को तैयार करने हेतु कौशल निर्माण पहल को बढ़ावा देने तथा आई टी, स्वास्थ्य सेवा और इंजीनियरिंग जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। भारत में प्रवासी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिये प्रक्रियाओं को सरल बनाना चाहिये, जिसमें सरलीकृत कराधान और नियामक ढाँचे शामिल हैं। सांस्कृतिक एकीकरण में सांस्कृतिक निरंतरता सुनिश्चित करते हुए प्रवासी बच्चों को भारतीय भाषाएँ सिखाने के लिये कार्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता है। सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिये विदेशों में भारतीय महोत्सवों का आयोजन किया जाना चाहिये। नीतिगत सुधार में राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व को प्रोत्साहित करने के लिये प्रवासी भारतीयों के लिये मतदान तंत्र को सरल बनाने की आवश्यकता है। सामुदायिक समर्थन को दृढ़ करने में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और प्रत्यावर्तन सहायता सहित बेहतर संकट समर्थन प्रदान करने के लिये आई सी डबल्यू को दृढ़ करने की आवश्यकता है प्रवासी समुदाय के साथ सटीक समय में संपर्क के लिये ऐप्स और पोर्टल विकसित किया जाना चाहिये, जिससे अभिगम और उपयोग में सुगमता सुनिश्चित हो सके। रणनीतिक साझेदारियों में पारस्परिक लाभ पर बल देते हुए मजबूत द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक प्रभाव के लिये प्रवासी समुदाय का लाभ उठाने की आवश्यकता है। भावी पीढ़ियों के साथ निरंतर संपर्क बनाये रखने के लिये सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों और छात्रवृत्तियों जैसे युवा-केंद्रित पहलों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिये। अंत में हम कह सकते हैं कि प्रवासी भारतीय भारत की वैश्विक पहचान के स्तंभ हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और सॉफ्ट पावर में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सक्रिय भागीदारी एवं सुदृढ़ नीतियों के साथ, भारत इन संबंधों को और भी मजबूत कर सकता है, जिससे पारस्परिक विकास तथा समृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## आज का राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाये रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ़्यूज हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा विशेष रूप से सुखद रहेगी। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**वृषभ:** आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिये दिन उत्तम है। किसी महत्त्वपूर्ण बात को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। आज परिजनों के साथ घूमने के लिये जा सकते हैं। गले में संक्रमण की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन:** आपके ऊपर काफी जिम्मेदारियाँ रहेंगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियन्त्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाये रखें। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की सम्भावना है।

**कर्क:** वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा। व्यवसाय में आप कड़े निर्णय ले सकते हैं। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की सम्भावना है।

**सिंह:** दिन का शुरूआती भाग आपके लिये काफी अच्छा रहेगा। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा। आज आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। आज आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित हो सकते हैं।

**कन्या:** रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें। ऑनलाइन कारोबार में आपको बड़ा लाभ होगा। प्रबन्धन से जुड़े लोगों का काम आज बढ़ने वाला है। बच्चों की परवरिश में आज काफी समय देंगे। गुप्त शत्रुओं की वजह से कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है।

**तुला:** आज महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम सम्बन्धों का भरपूर आनन्द लेंगे। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। सन्तान का व्यवहार आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगा।

**वृश्चिक:** आज आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी। कार्यक्षेत्र की राजनीति के कारण आपको समस्या होगी। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव होने की सम्भावना है।

**धनु:** नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गम्भीर विषय पर चर्चा करेंगे। शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है की आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**मकर:** नये कारोबार की शुरूआत करने के लिये दिन बहुत अच्छा है। आपकी इच्छाशक्ति आपके लिये विपरीत परिस्थितियों में ढाल के रूप में काम करेगी। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। लोन से जुड़े हुये अटके काम आज शुरू हो सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना उत्तम रहेगा।

**कुंभ:** बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिन्ता हो सकती है। हालाँकि कॉलेज विद्यार्थियों को प्लेसमेन्ट आदि के माध्यम से जॉब मिलने की सम्भावना बन रही है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें।

**मीन:** आज अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिये धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की तरफ आपकी रुचि बढ़ सकती है। प्रेमी जन को आज कोई महँगा गिफ्ट दे सकते हैं। आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आयेगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं।

# जानें इस वर्ष के जैन धर्म के प्रमुख त्योहारों की तिथियां

जैन धर्म, अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह जैसे महान सिद्धांतों पर आधारित, विश्व के सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है। इस धर्म के संस्थापक ऋषभदेव माने जाते हैं। जैन धर्म का एक विशेष कैलेंडर होता है, जिसमें उनके सभी व्रत और त्योहारों की जानकारी दी जाती है। जैसे हिंदू कैलेंडर में त्योहारों का उल्लेख होता है, वैसे ही जैन कैलेंडर में भी विभिन्न व्रत और पर्वों की तिथियां निर्धारित होती हैं। यहां 2025 के जैन कैलेंडर में महत्वपूर्ण व्रत और पर्वों के बारे में जानकारी है।

## जैन धर्म के प्रमुख पर्व-त्योहार

### जनवरी

| | | |
|---|---|---|
| 2 जनवरी | यतीन्द्र सुरेश्वर दिवस | गुरुवार |
| 02 जनवरी | त्रिस्तुति | गुरुवार |
| 06 जनवरी | श्री राजेंद्र सूरीश्वर दिवस | सोमवार |
| 26 जनवरी | शीतलनाथ जन्म तप | रविवार |
| 27 जनवरी | मेरु त्रयोदशी | सोमवार |
| 27 जनवरी | आदिनाथ निर्वाण कल्याणक | सोमवार |
| 28 जनवरी | ऋषभदेव मोक्ष | मंगलवार |

### फरवरी

| | | |
|---|---|---|
| 02 फरवरी | दशलक्षण (3/3) प्रारम्भ | रविवार |
| 04 फरवरी | मयार्दा महोत्सव | मंगलवार |
| 11 फरवरी | श्री जीतेन्द्र रथ यात्रा | मंगलवार |
| 11 फरवरी | दशलक्षण (3/3) समाप्त | मंगलवार |

### मार्च

| | | |
|---|---|---|
| 07 मार्च | अष्टान्हिका (3/3) प्रारम्भ | शुक्रवार |
| 14 मार्च 2025 | अष्टान्हिका (3/3) समाप्त | शुक्रवार |

### अप्रैल

| | | |
|---|---|---|
| 02 अप्रैल | दशलक्षण (1/3) प्रारम्भ | बुधवार |
| 04 अप्रैल | आयंबिल ओली प्रारंभ | शुक्रवार |
| 10 अप्रैल | महावीर जयंती | गुरुवार |
| 11 अप्रैल | दशलक्षण (1/3) समाप्त | शुक्रवार |
| 12 अप्रैल | आयंबिल ओली अंत | शनिवार |

### मई

| | | |
|---|---|---|
| 07 मई | श्री महावीर स्वामी कैवल्य ज्ञान दिवस | बुधवार |
| 13 मई | ज्येष्ठ जिनवार व्रत प्रारंभ | मंगलवार |
| 24 मई | श्री अनंतनाथ जन्म तप | शनिवार |

### जून

| | | |
|---|---|---|
| 11 जून | ज्येष्ठ जिनवर व्रत समापन | बुधवार |

### जुलाई

| | | |
|---|---|---|
| 03 जुलाई | अष्टान्हिका (1/3) प्रारम्भ | गुरुवार |
| 09 जुलाई | चौमासी चौदस | बुधवार |
| 10 जुलाई | अष्टान्हिका (1/3) समाप्त | गुरुवार |
| 31 जुलाई | पार्श्वनाथ मोक्ष | गुरुवार |

### अगस्त

| | | |
|---|---|---|
| 24 अगस्त | कल्पसूत्र पाठ | रविवार |
| 24 अगस्त | संवत्सरी | रविवार |
| 25 अगस्त | तैलधर तप | सोमवार |
| 28 अगस्त | क्षमावाणी पर्व | गुरुवार |
| 28 अगस्त | दशलक्षण (2/3) प्रारम्भ | गुरुवार |




### सितंबर

| | | |
|---|---|---|
| 06 सितंबर | दशलक्षण (2/3) समाप्त | शनिवार |
| 28 सितंबर | आयंबिल ओली प्रारंभ | शनिवार |

### अक्तूबर

| | | |
|---|---|---|
| 07 अक्तूबर | आयंबिल ओली अंत | मंगलवार |
| 19 अक्तूबर | श्री पद्म प्रभु जन्म तप | रविवार |
| 21 अक्तूबर | महावीर निर्वाण | मंगलवार |
| 26 अक्तूबर | ज्ञान पंचमी/सौभाग्य पंचमी | रविवार |
| 29 अक्तूबर | अष्टान्हिका (2/3) प्रारम्भ | बुधवार |

### नवंबर

| | | |
|---|---|---|
| 05 नवंबर | अष्टान्हिका (2/3) समाप्त | बुधवार |
| 14 नवंबर | महावीर स्वामी दीक्षा | शुक्रवार |

### दिसंबर

| | | |
|---|---|---|
| 01 दिसंबर | मौनी एकादशी | सोमवार |
| 15 दिसंबर | पार्श्वनाथ जयंती | सोमवार |

# जानें पोंगल की तिथि और मकर संक्रांति से इसका संबंध

पोंगल दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में मनाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस समय उत्तर भारत में मकर संक्रांति मनाई जाती है, जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं। पोंगल फसल के मौसम के आगमन का प्रतीक है। इस दिन लोग गायों और बैलों की पूजा करते हैं और उन्हें रंग-बिरंगे आभूषणों से सजाते हैं। यह त्योहार सूर्य देव को समर्पित है। इस दिन लोग समृद्ध फसल की खुशी को धूमधाम और उत्साह के साथ मनाते हैं।




## पोंगल 2025 तिथि

पोंगल की शुरूआत हर साल 14 या 15 जनवरी को होती है। इस बार 14 जनवरी को पोंगल के चार दिवसीय पर्व का पहला दिन है। वहीं 17 को पोंगल पर्व की समाप्ति होती है। पोंगल तमिल संस्कृति और कृषि परंपराओं का प्रतीक है और इसे बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार तमिल नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक माना जाता है और इसे चार दिनों तक मनाया जाता है। अंतिम दिन, जिसे मट्टू पोंगल कहा जाता है, इस दिन पशुधन की पूजा की जाती है। यह दिन कृषि में पशुओं के योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का प्रतीक है।

## पोंगल क्यों मनाया जाता है?

पोंगल उत्तर भारत में मकर संक्रांति, पंजाब में लोहड़ी और गुजरात में उत्तरायण की तरह एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार समृद्धि और कृषि उत्पादकता को समर्पित है। इसमें बारिश, धूप, कृषि एवं पालतू पशुओं की पूजा की जाती है। किसान विशेष अनुष्ठान कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पोंगल परिवारों को एक साथ लाता है और प्रेम और सौहार्द को बढ़ाता है।

## पोंगल कैसे मनाया जाता है?

पोंगल त्योहार मुख्य रूप से सूर्य देव की पूजा के इर्द-गिर्द केंद्रित है।
पहले दिन, लोग सुबह जल्दी स्नान करते हैं और नए कपड़े पहनते हैं।
नए मिट्टी के बर्तनों में ताजे चावल, दूध, गुड़ और काजू से विशेष पोंगल व्यंजन बनाए जाते हैं। इन व्यंजनों को सूर्य देव को अर्पित किया जाता है।
किसान अपने बैलों और गायों को नहलाते हैं और उन्हें सजाते हैं, ताकि कृषि में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया जा सके।
घरों में पुराने और अनुपयोगी वस्तुओं को जलाया जाता है, जो एक नई शुरूआत का प्रतीक है, और नई वस्तुओं को घर में लाया जाता है।
पोंगल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि कृषि, प्रकृति और मानवीय रिश्तों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह त्योहार समाज में समृद्धि, खुशहाली और एकता का संदेश देता है।

# किचन से लेकर बाथरूम के वास्तु दोष को ऐसे करें दूर, आजमाएं आसान टिप्स



**माना जाता है कि यदि घर बनवाते समय वास्तु नियमों का ध्यान न रखा जाए, तो ऐसे में व्यक्ति को वास्तु दोष का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यदि आप भी वास्तु दोष से परेशान हैं, तो इसके लिए बिना तोड़-फोड़ के भी घर के वास्तु को ठीक कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको कुछ आसान उपाय करने हैं।**

## रसोई में रखें इन बातों का ध्यान

अगर आपकी रसोई में वास्तु दोष व्याप्त हो चुका है, तो ऐसे में घर की दक्षिण-पूर्व में एक लाल रंग का बल्ब लगाएं और इसे पूरे दिन में कम-से-कम छह घंटे जरूर जलाएं। ऐसा करने से आग्नेय तत्व संतुलित होता है औ किचन के वास्तु दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि रात में किचन में जूठे बर्तन या फिर टपकता हुआ नल न छोड़ें।

## ऐसे दूर होगा वास्तु दोष

अपने बेडरूम के वास्तु दोष को दूर करने के लिए अपने बेड के सिरहाने पर आधा किलो का क्लीयर क्रिस्टल क्वाट्र्ज रखें। इसी के साथ आप बेडरूम में एक कटोरी में समुद्री नमक या फिर कपूर भी रख सकते हैं। बेडरूम में पलंग को दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं और यह कोशिश करें कि बेडरूम का ईशान कोण खाली हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि बेडरूम में बिखरा हुआ सामान या टूटी हुई चीजें न रखें।

## बाथरूम का वास्तु दोष कैसे करें दूर

बाथरूम के वास्तु दोष को दूर करने के लिए एक कोने में कटोरी में खड़ा नमक रख दें। इससे वास्तु दोष दूर रहता है। इसके अलावा आप अपने बाथरूम में नीले रंग की बाल्टी भी रख सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि बाथरूम में गहरे रंग की टाइल्स नहीं लगानी चाहिए और दीवारों का रंग भी हल्का होना चाहिए। इन बातों का ध्यान रखने पर आप वास्तु दोष से बचे रह सकते हैं।

# तुलसी के पास मनी प्लांट रखने से होगा फायदा, नहीं आएगी दरिद्रता



**ज्योतिष शास्त्र में कुछ पौधों को बहुत ही शुभ माना गया है, उनमें से एक मनी प्लांट और तुलसी भी है। ऐसे में अगर आप इन दोनों पौधों को एक साथ अपने घर में रखते हैं, तो इससे आपको कई तरह के लाभ देखने का मिल सकते हैं। आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहे है।**

## मनी प्लांट लगाने की सही दिशा

वास्तु नियमों के अनुसार, आप अपने घर में मनी प्लांट को दक्षिण-पूर्व दिशा में लगा सकते हैं। ऐसा करने से आर्थिक संपन्नता आती है और दरिद्रता दूर होती है। साथ ही इस दिशा में मनी प्लांट लगाने से सभी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा भी आपके घर-परिवार से दूर बनी रहती है।

## कहां लगाएं तुलसी का पौधा

वास्तु शास्त्र में तुलसी के पौधे को रखने के लिए घर की उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशा को सबसे उत्तम माना गया है। इसी के साथ आप तुलसी के पौधे को पूजा स्थल या रसोई के पास भी रख सकते हैं। इससे भी आपको अद्भुत लाभ देखने को मिलते हैं। इसी के साथ लक्ष्मी जी की कृपा के लिए रोजाना सुबह-शाम तुलसी की पूजा भी जरूर करनी चाहिए।

## एक साथ रखने के फायदे

तुलसी और मनी प्लांट, दोनों ही सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देने वाले पौधे हैं। ऐसे में यदि आप अपने घर में तुलसी के पौधे और मनी प्लांट को एक साथ रखते हैं, तो इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ने लगता है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा भी आपके घर-परिवार से दूर बनी रहती है, जिससे आपको लड़ाई-झगड़े की स्थिति में भी लाभ देखने को मिलता है।

## ध्यान रखें ये बातें

वास्तु के अनुसार, मनी प्लांट और तुलसी के आस-पास कभी भी कांटेदार पौधे नहीं लगाने चाहिए। इससे इस पौधों का सकारात्मक प्रभाव कम होने लगते हैं और यह आपको अच्छे परिणाम नहीं देते।

# स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप द्वारा 220 पेटी अवैध शराब के साथ ट्रक काबू : हरपाल सिंह चीमा

## कहा, चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर अंत तक चंडीगढ़ शराब तस्करी से संबंधित 114 एफआईआर दर्ज, 30,096 बोतलें बरामद

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

पंजाब के वित्त, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां बताया कि मोहाली आबकारी टीम और मोहाली पुलिस की भागीदारी वाले स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने हंडेसरा के पास एक ट्रक को रोककर ₹केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए₹ मार्क की गई 220 शराब की पेटियां जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन चंडीगढ़ (यू.टी.) से पंजाब में शराब की तस्करी के अपराध से निपटने के लिए पिछले कुछ दिनों से राज्य भर में चलाए गए विशेष अभियान का हिस्सा है। आबकारी और कराधान मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस कार्रवाई का विवरण देते हुए कहा कि यह हाल ही में चंडीगढ़ से पंजाब में शराब की तस्करी के खिलाफ की गई 6 बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 11.01.2025 को पंजाब आबकारी अधिनियम, 1914 की धारा 61(1)(14) और 78(2) के तहत एफआईआर नंबर 01 थाना हंडेसरा में दर्ज की गई है।



इसके अलावा चंडीगढ़ से शराब की तस्करी के अन्य मामलों के संबंध में मोहाली जिले के विभिन्न थानों में छह अन्य एफआईआर दर्ज की गईं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न ब्रांडों की 42 पेटियां जब्त की गईं।

कराधान और आबकारी मंत्री ने आगे बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 31.12.2024 तक चंडीगढ़ शराब तस्करी से संबंधित 114 एफआईआर दर्ज की गईं, जिसके तहत 30,096 शराब की बोतलें बरामद की गईं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आबकारी विभाग और पंजाब पुलिस दोनों ही शराब की तस्करी के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के निरंतर सहयोग से चल रहे इस अभियान को और तेज किया जाएगा और शराब की तस्करी में शामिल व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब आबकारी अधिनियम, 1914 के तहत शराब की तस्करी एक गैरकानूनी, दंडनीय अपराध है और राज्य के राजस्व के लिए हानिकारक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उल्लंघन करने वालों को कानून के अनुसार सख्त परिणाम भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने पंजाब के लोगों से भी अपील की कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि के बारे में विभाग को सूचित करें ताकि राज्य को कोई आर्थिक नुकसान न हो।

# पंजाब के हर जिले में क्रिकेट को अंतराष्ट्रीय स्तर पर सुविधाएं दी जाएंगी: दिलशेर खन्ना



सिटी दर्पण
होशियारपुर

पंजाब में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हर जिले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुविधाएं दी जा रही हैं। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिलशेर खन्ना के नेतृत्व में पीसीए टीम ने सभी जिलों में जाकर जिला सेंटरों में सुविधाओं का जायजा लेने के लिए सुरजीत राय संयुक्त सचिव पीसीए की अगुवाई में एक कमेटी का गठन किया है। उन्होंने बताया कि यह टीम पंजाब के सभी जिलों में सेंटरों का निरीक्षण कर पीसीए को रिपोर्ट देगी तथा उस रिपोर्ट के आधार पर उन जिलों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं दी जा रही हैं। डा. घई ने बताया कि पीसीए सचिव दिलशेर खन्ना ने पंजाब के सभी जिलों में पीसीए के अपने सेंटर बनाने के लिए जिला एसोसिएशनों को जमीन लोकेट करने के भी दिशानिर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिलशेर खन्ना के प्रयासों से पिछले 3-4 साल में पंजाब क्रिकेट का स्तर लगातार ऊंचा उठा है तथा पंजाब की टीमें कई वर्षों बाद बीसीसीआई के राष्ट्रीय टूनामैंट जीत रही हैं। जिसमें पिछले वर्ष पंजाब टीम द्वारा सीनियर टी-20 मुश्ताक अली ट्राफी जीतना तथा इस वर्ष अंडर-23 एक दिवसीय बीसीसीआई टूनामैंट की जीत शामिल है। डा. घई ने बताया कि पीसीए सचिव दिलशेर खन्ना ने लड़कों की पीपीएल की तर्ज पर लड़कियों को भी पीपीएल करवाने का निर्णय लिया है ताकि लड़कों के साथ-साथ पंजाब की लड़कियों की क्रिकेट को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने बताया कि दिलशेर खन्ना के प्रयासों से जल्द ही सभी जिलों को अपने खेल मैदान तथा उनमें अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं मिल जाएंगी। डा. घई ने बताया कि आज पीसीए द्वारा गठित टीम ने एचडीसीए सेंटर का निरीक्षण किया। यह टीम होशियारपुर में खिलाड़ियों के लिए और सुविधा मुहैया करवाने संबंधी अपनी रिपोर्ट पीसीए को देंगी। एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने पीसीए सचिव दिलशेर खन्ना, प्रधान अमरजीत सिंह मेहता, संयुक्त सचिव सुरजीत राय बिट्टा तथा पीसीए के सीईओ दीपक शर्मा को क्रिकेट को बढ़ावा देने हेतु इन प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला कोच दलजीत, महिला कोच दविंदर कल्याण, ट्रेनर कुलदीप धामी, मदन डडवाल, दलजीत धीमान, ग्राउंडमैन सोढी राम, दिनेश शर्मा रिंका ने पीसीए टीम के साथ सेंटर का निरीक्षण करवाया।

# प्रदर्शनकारी किसानों ने एसकेएम से संयुक्त बैठक आयोजित करने का आग्रह किया

एजेंसी
चंडीगढ़

खनौरी और शंभू सीमा बिंदुओं पर प्रदर्शन कर रहे पंजाब के किसानों ने अनशनरत किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य के मद्देनजर संयुक्त लड़ाई पर निर्णय लेने के लिए शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) को पत्र लिखकर बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया। एसकेएम की छह सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को खनौरी में प्रदर्शन स्थल का दौरा किया। समिति ने केंद्र के खिलाफ संयुक्त लड़ाई के लिए किसान संगठनों के बीच एकता के लिए एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा को 15 जनवरी को पटियाला में एक बैठक के लिए आमंत्रित किया था ताकि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की अन्य मांगों को पूरा किया जा सके। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम के नेताओं ने शुक्रवार को एसकेएम से बिना किसी देरी के उनके चल रहे आंदोलन को समर्थन देने और मजबूत करने की अपील की थी। किसान नेता अभमन्यु कोहाड़ ने शनिवार को खनौरी में प्रदर्शन स्थल पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और केएमएम के दोनों मंचों ने एसकेएम को पत्र लिखकर रविवार या सोमवार को खनौरी में विरोध स्थल पर एक संयुक्त बैठक आयोजित करने का आग्रह किया है, क्योंकि डल्लेवाल का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा, उनकी हालत देखकर हम मोर्चा (विरोध स्थल) छोड़ने की स्थिति में नहीं हैं। डल्लेवाल, जो संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक हैं, फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा बिंदु पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

# खारा ने जीता क्रिकेट टूनार्मेंट, गौरव भम्मन मैन ऑफ द सीरीज

सिटी दर्पण
सरदूलगढ़

क्रिकेट कमेटी भम्मे खुर्द गांव के अमनदीप सिंह और जग्गा सिंह एनआरआई की याद को समर्पित है। भाई हरविंदर सिंह कनाडा, हरजिंदर सिंह हैरी कनाडा, कुलदीप सिंह कनाडा, खुशदीप सिंह कनाडा, अमनदीप सिंह कनाडा, हैप्पी कनाडा के सहयोग से छह दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट में पंजाब और हरियाणा की पांच दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। टूनार्मेंट के आखिरी दिन संदीप सिंह काला पीए मुख्य अतिथि थे। विधायक गुरप्रीत सिंह बनांवाली को आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रशदीप सिंह सरपंच कोट धरमू विशेष तौर पर पहुंचे। आए हुए मेहमानों ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि राज्य की भगवंत मान सरकार राज्य में नशे को खत्म करने के लिए युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रही है. यह ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भम्मे खुर्द क्रिकेट कमेटी की तीन मुख्य मांगों, टूनार्मेंट के लिए उपयुक्त मंच, मुख्य द्वार और व्यायामशाला का निर्माण आदि की मांग जल्द ही पूरी की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गांव खारा की टीम को 31 हजार रुपये नकद व सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर रही गांव भम्मे कलां की टीम को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार और सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विक्की हखिरा और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सुखी धौला और सर्वश्रेष्ठ मैन ऑफ द सीरीज गौरव भम्मे



को 5100 रुपये के नकद पुरस्कार और सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया। क्रिकेट कमेटी की ओर से आये अतिथियों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कमेटी सदस्य मनप्रीत सिंह भोला, बलकार सिंह, जीप्रीत सिंह, गुरप्रीत गुरी, विजय दंदीवाल, जशन, गग्गू धालीवाल, काका सिंह, कुलविंदर सिंह, सुखी धालीवाल, नवजोत सिंह, हरप्रीत सिंह, गग्गू सिंह आदि सभी खिलाड़ी मौजूद थे। आये सज्जनों ने समर्थन करते हुए समस्त ग्राम पंचायत एवं ग्राम वासियों को धन्यवाद दिया। समिति द्वारा ग्राम पंचायत एवं मोहतवार व्यक्तियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. गुरमेल भम्मा, डॉ. राजेंद्र राजू, डॉ. सूबा सिंह, अर्शदीप सिंह, सरपंच गुरजंट सिंह, सतपाल सिंह, अमनदीप बब्बू, भोला सिंह बंशी, डॉ. रामजीत सिंह, धन्ना सिंह, बुद्ध सिंह, सुखविंदर सिंह सुखी भम्मन आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### पाक ड्रोन ने भारतीय सीमा में फेंकी हेरोइन व पिस्तौल

फिरोजपुर। पाकिस्तानी ड्रोन ने आसमान से भारतीय सीमावर्ती गांव टेंडी वाला के खेत में हेरोइन व पिस्टल के दो पैकेट फेंके हैं, जिन्हें बीएसएफ ने बरामद कर लिए हैं। उक्त सामग्री किसी भारतीय तस्कर ने मंगवाई थी, जो बीएसएफ के हाथ लग गई है। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि रात के समय पाकिस्तानी ड्रोन आसमान से सीमांत गांव टेंडी वाला के खेत में दो पैकेट फेंक गए। इसकी सूचना बीएसएफ इंटेलिजेंस विभाग को लगी। बीएसएफ ने गांव टेंडी वाला में सर्च अभियान चलाया तो खेत में पड़े दो पैकेट मिले, जो पीली टेप में लिपटे हुए थे। एक पैकेट में ग्लाक पिस्टल व मैगजीन बरामद हुई जबकि दूसरे पैकेट में 548 ग्राम हेरोइन की खेप मिली है। पैकेट के साथ लोहे का हुक लगा हुआ था, इससे साफ जाहिर होता है कि ड्रोन से उक्त पैकेट फेंके गए हैं। बीएसएफ गांव में उस व्यक्ति की तलाश में जुट गई है जिसने पाकिस्तान से उक्त सामग्री मंगवाई है।

### आप पार्षद विनीत धीर जालंधर के महापौर चुने गए

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद विनीत धीर को शनिवार को जालंधर नगर निगम का महापौर चुना गया। बलबीर सिंह बिट्टू ढिल्लों को वरिष्ठ उपमहापौर चुना गया है जबकि मलकीत सिंह को उपमहापौर चुना गया है। पार्टी के एक बयान के अनुसार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने निगम के तीन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि आप सरकार जालंधर के विकास के लिए कटिबद्ध है। मान ने कहा कि शहर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। आप की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने भी तीनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आप के महापौर की नियुक्ति से जालंधर के विकास में तेजी आएगी। पिछले महीने निगम चुनाव में आप जालंधर में कुल 85 में से 38 वार्ड में जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। बाद में अन्य दलों के आठ नवनिर्वाचित पार्षदों ने आप को समर्थन देने की घोषणा की।

### पंजाब के कई क्षेत्रों में बारिश

चंडीगढ़ ।पंजाब और हरियाणा के कई स्थानों पर रविवार सुबह बारिश हुई। साथ ही दोनों राज्यों में ठंड का दौर जारी रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में 18.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, पंजाब के अमृतसर में पांच मिलीमीटर, लुधियाना में 11 मिलीमीटर, पटियाला में 6.5 मिलीमीटर, पठानकोट में तीन मिलीमीटर, बठिंडा में 31 मिलीमीटर और फरीदकोट में 20.6 मिलीमीटर सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा के अंबाला में 20.5 मिलीमीटर, हिसार में 13 मिलीमीटर, करनाल में 1.6 मिलीमीटर, नारनौल में 14 मिलीमीटर, रोहतक में तीन मिलीमीटर, भिवानी में छह मिलीमीटर और सिरसा में 3.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। पंजाब का गुरदासपुर सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लुधियाना में तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पटियाला और पठानकोट दोनों जगह का तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के बठिंडा में तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस और फरीदकोट में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से चार डिग्री अधिक है। वहीं, हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री अधिक है। हिसार में 9.5 डिग्री सेल्सियस, करनाल में 11.4 डिग्री सेल्सियस, नारनौल में 6.8 डिग्री सेल्सियस, रोहतक में 8.8 डिग्री सेल्सियस, भिवानी में तापमान नौ डिग्री सेल्सियस और सिरसा में 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में औसत न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस अधिक और पंजाब में 4.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

# किसान जत्थेबंदियों की अहिंम मीटिंग आज पालड़ा में होगी

सिटी दर्पण
पटियाला

48वें दिन खनौरी किसान मोर्चे पर जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन जारी रहा, डॉक्टरों ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल की हड्डियां (विशेषकर आंख के साइड) सिकुड़नी शुरू हो गयी हैं जो बेहद चिंताजनक है। किसान नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा ने संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवम किसान मजदूर मोर्चा के विनम्र निवेदन को स्वीकार करते हुए आपसी तालमेल हेतु मीटिंग 13 फरवरी को पातड़ां में आयोजित करने का फैंसला लिया है, ये स्वागत योग्य कदम है और हमारे दोनों मोर्चों का प्रतिनधिमण्डल कल पातड़ां में आयोजित मीटिंग में शामिल होगा। आज हरियाणा के हिसार से किसानों का एक जत्था जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में खनौरी किसान मोर्चे पर आया, उन्होंने कहा कि हम जगजीत सिंह डल्लेवाल के संघर्ष के साथ खड़े हैं और परमात्मा न करे, यदि जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ कुछ अनहोनी ह

ग ई तो केंद्र सरकार स्थिति संभाल नहीं पाएगी। हरियाणा से आये किसानों ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल पूरे देश के किसानों के नेता हैं और हम सब उनके लिए अपनी जिंदगी कुर्बान करने के लिए तैयार हैं, कल हरियाणा के सोनीपत से किसानों का जत्था खनौरी किसान मोर्चे पर आएगा। आज दोनों मोर्चों ने जगजीत सिंह डल्लेवाल द्वारा हस्ताक्षरित चिट्ठी संत-महापुरुषों एवम धर्मगुरुओं को लिखी।



# शतरंज संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में पहुंचे हलका विधायक दिनेश चड्ढा

सिटी दर्पण
रूपनगर

शतरंज संगठन रूपनगर द्वारा राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता गांधी स्कूल में करवाई गई। जिसमें पंजाब के 14 जिलों से करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में हलका विधायक एडवोकेट दिनेश चड्ढा विशेष तौर पर खिलाड़ियों को पुरस्कार और आशीर्वाद देने पहुंचे।

उन्होंने शतरंज संगठन के सभी सदस्यों को इस शतरंज प्रतियोगिता के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर विधायक दिनेश चड्ढा ने विभिन्न पदों पर आए खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा हर किसी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। क्योंकि जब भी कोई खिलाड़ी किसी खेल में भाग लेने के लिए पूरे जोश के साथ खेलता है तो जहां उसकी हिम्मत और भी बढ़ जाती है वहीं वह उस खेल में माहिर भी हो जाता है इस अवसर पर चार खिलाड़ियों का चयन नेशनल के लिए किया गया। इस मौके संगठन के प्रधान परमार अस्पताल से भानु प्रताप परमार, सचिव नवीन दर्दी, संरक्षक भाग सिंह मैदान,

गुरजीत सिंह कोच, कुलदीप सिंह, योगेश जैन, हरप्रीत सिंह,चन्द्र शेखर सैनी, विक्रांत चौधरी, नवप्रीत शर्मा, कुलदीप सिंह, गौरव कपूर, निसी सैनी, राजिंदर कुमार, प्रदीप कुमार एवं स्कूल का समस्त स्टाफ एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।



## डायरेक्टर मेजर जनरल चौहान ने मोहाली के परीक्षा केंद्र का दौरा किया

# महाराजा रणजीत सिंह प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट के 15वें कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा में 3300 से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए; प्रशिक्षण के लिए 48 चुने जाएंगे

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट, एसएएस नगर (मोहाली) में शुरू होने वाले 15वें कोर्स के लिए आज आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा में 3329 उम्मीदवार शामिल हुए। इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में लड़कों (4128) ने इस प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया। यह सफलता मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के ठोस प्रयासों और संस्थान की उच्च सफलता दर के कारण मिली है। गौरतलब है कि यह संस्थान कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा के नेतृत्व वाले रोजगार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित है। महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अजय एच. चौहान, वीएसएम, ने स्कूल ऑफ एमिनेंस, फेज-3बी1, मोहाली में स्थापित परीक्षा केंद्र का अचानक दौरा किया। इस प्रवेश परीक्षा के लिए स्कूल ऑफ एमिनेंस, फेज-3बी1, मोहाली; पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, पीएपी कॉम्प्लेक्स, जालंधर; और एमएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बठिंडा में तीन परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में युवा परीक्षा देने पहुंचे। मेजर जनरल अजय एच. चौहान ने बताया कि इस परीक्षा में से शीर्ष 150 सफल उम्मीदवारों को बाद में अंतिम चयन प्रक्रिया जैसे साक्षात्कार और मेडिकल के लिए बुलाया जाएगा। इनमें से पंजाब भर के 48 उम्मीदवारों को नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) और इसी स्तर की अन्य अकादमियों के माध्यम से सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए इस संस्थान के अनुभवी और उच्च योग्यता प्राप्त स्टाफ की देखरेख में प्रशिक्षण के लिए चुना जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के सत्ता संभालने के बाद से इस संस्थान के कुल 74 कैडेट रक्षा सेवाओं में कमीशन अधिकारी बने हैं। इसके अलावा, 64 कैडेट प्रशिक्षण अकादमियों में शामिल हुए हैं और 12 कैडेट कॉल-अप लेटर का इंतजार कर रहे हैं।



# सांसद औजला के माता जी पंचतत्व में विलीन

सिटी दर्पण
अमृतसर

सांसद गुरजीत सिंह औजला की माता सरदारनी गुरमीत कौर औजला आज पंचतत्व में विलीन हो गई। सांसद गुरजीत सिंह औजला ने उन्हें मुखाग्नि दी। सांसद औजला के पिता सरदार सरबजीत सिंह औजला और उनके भाई सुखजिंदर सिंह औजला ने परिवार सहित नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। गुरमीत कौर का 11 जनवरी को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जम्मू के पूर्व डीजीपी दिलबाग सिंह, ओम प्रकाश सोनी, सुनील दती, दिनेश बस्सी, ममता दत्ता, गुरप्रीत सिंह रंधावा, पार्षद राजकंवल प्रितपाल सिंह लक्की, जसबीर डिंपा, शिंदा पार्षद, युनुस कुमार, जुगल किशोर शर्मा, डॉ राजकुमार वेरका, प्रधान अश्वनी कुमार पप्पू, परमजीत सिंह पम्मा, संतोख सिंह भलाईपुर, जसविंदर सिंह जग्गा, सोनू दत्ता, इंद्रबीर सिंह बुलारिया, जोगिंदर पाल ढींगरा, भगवंत पाल सिंह सच्चर, मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, सुख सरकारिया, तरसेम सिंह डीसी, श्वेत मलिक, हरमीत सिंह संधू, अशोक तलवार, इंद्रबीर सिंह निज्जर, सतीश बल्लू, रमन रम्मी, मिट्ठू मदान, सुजिंदर बिडलान, हरविंदर संधू, राजेश हनी, राजबीर छाबड़ा, सोनू जिफर, जरनैल भुल्लर, गुरप्रताप सिंह टिक्का, गगनदीप सिंह मूधल, राहुल कुमार, हरप्रताप अजनाला, सुखजिंदर रंधावा, गुरदीप सिंह रंधावा, कर्मजीत सिंह रिंटू, रमन बख्शी, जगरुप सिंह सेखवां, छवि ढिल्लों, मनदीप सिंह मन्ना, विधायक जीवनजोत कौर, एआईसीसी नैशनल मन राइट प्रेसीडेंट वरिंदर फुल सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# कन्नौज रेलवे स्टेशन हादसा : करीब 16 घंटे तक चला राहत-बचाव अभियान, कोई हताहत नहीं

## मामूली घायलों को 50-50 हजार और गंभीर घायलों को ढाई-ढाई लाख रुपये देने की घोषणा

**मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराए 28 मजदूरों में से 16 को मिली छुट्टी**



एजेंसी
कन्नौज

उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन इमारत का लिंटर ढहने से हुए हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य करीब 16 घंटे तक चला और इस अभियान में जुटी टीमें रविवार सुबह वापस लौट गयीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शनिवार को अमृत भारत योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन दो मंजिला इमारत का लिंटर ढहने से मलबे में 20 से अधिक मजदूर दब गए। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पुलिस ने कहा कि करीब 16 घंटे तक चले राहत एवं बचाव अभियान में 28 मजदूरों को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम और रेलवे की टीम शनिवार को रात भर बचाव अभियान में जुटी रही और पूरे मलबे को हटाया। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि मलबा हटाने के बाद कोई भी मजदूर दबा नहीं मिला जिसके बाद बचाव अभियान रविवार सुबह बंद कर दिया गया और इस कार्य में जुटी टीमें वापस चली गईं। रेलवे के आधिकारी अभियान के दौरान रात भर घटनास्थल पर मौजूद रहे। कन्नौज के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सुबह रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर फिर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस हादसे में जनहानि नहीं होने पर संतोष भी जताया। शुक्ल ने बताया कि 16 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे गंभीर रूप से घायल हुए मजदूरों को ढाई-ढाई लाख रुपये एवं सामान्य रूप से घायल हुए लोगों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देगी। कन्नौज रेलवे स्टेशन पर लिंटर ढहने की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें साफ दिख रहा है कि नीचे मजदूर निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं और फिर एक मजदूर अपने हाथ में एक बल्ली लेकर छत के नीचे पहुंचा। उसने बल्ली से शटरिंग को ठीक करने की कोशिश की जिससे बल्ली शटरिंग के आपस में टकराने से शटरिंग खिसक गई और शटरिंग के साथ ही लिंटर ढह गया। लिंटर गिरते ही पूरे स्टेशन परिसर में धुंध सी छा गई। थोड़ी देर तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर क्या हुआ। हालांकि, आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पहुंच कर कोशिश की लेकिन मलबा ज्यादा होने से लोग कामयाब नहीं हो पाए। तब रेलवे के अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और बचाव टीम तुरंत पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कन्नौज हादसे का संज्ञान लेते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है और घटना में मामूली रूप से घायल हुए मजदूरों को 50-50 हजार रुपये जबकि गंभीर रूप से घायल हुए मजदूरों को ढाई-ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की है।

# शिवसेना (उबाठा) ने 'इंडिया' या 'एमवीए' गठबंधन को भंग करने की बात कभी नहीं कही: संजय राउत

एजेंसी
मुंबई



शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अपना आधार मजबूत करने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ना चाहती है और उसने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' या महा विकास आघाडी (एमवीए) को भंग करने की मांग कभी नहीं की। राउत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब एक दिन पहले उन्होंने 'किसी गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलने और संगठनात्मक विकास के अधिकार को अकेले चुनाव लड़ने के प्रमुख कारणों के रूप में' उद्धृत किया था, जिससे विपक्षी गठबंधन की एकता पर सवालिया निशान खड़ा हो गया था।

रविवार को पत्रकारों से बातचीत में राउत ने कहा, 'एमवीए का गठन विधानसभा चुनाव के लिए और 'इंडिया' गठबंधन का गठन लोकसभा चुनाव के लिए किया गया था। स्थानीय निकाय चुनाव पार्टी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए हैं।' राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, 'मैंने या मेरी पार्टी ने कभी नहीं कहा कि 'इंडिया' गठबंधन या एमवीए को भंग कर दिया जाना चाहिए।' 'इंडिया' और एमवीए गठबंधनों में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। चुनाव में अकेले उतरने की योजना को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा उनकी आलोचना किए जाने के बारे में पूछे जाने पर, राउत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सदस्यों को प्रतिक्रिया देने से पहले उनकी पूरी टिप्पणी सुननी चाहिए। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस नेताओं को दूसरों की बात सुनने की आदत डालनी चाहिए।' राउत ने कहा कि शिवसेना (उबाठा) यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसका 'जलती मशाल' (चुनाव) चिह्न जमीनी स्तर पर मतदाताओं तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि एमवीए सहयोगियों को अब बूथ स्तर पर काम करना चाहिए ताकि अपनी पार्टियों और अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जा सके। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, 'हमारे पास समय है क्योंकि अगले लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में साढ़े चार साल बाकी हैं।'

बीड और परभणी में शांति लाने के लिए राकांपा (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ चर्चा के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र हैरान है। उन्होंने कहा, 'सरपंच संतोष देशमुख और सोमनाथ सूर्यवंशी के हत्यारों को संरक्षण देकर शांति नहीं आ सकती।' बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की नौ दिसंबर को नृशंस हत्या को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, क्योंकि संबंधित जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से एक राज्य के मंत्री धनंजय मुंडे का करीबी सहयोगी है। इस घटना को लेकर राज्य में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं और जातिगत संघर्ष की आशंका भी उत्पन्न हो गई है, क्योंकि देशमुख मराठा समुदाय से जबकि मामले में पकड़े गए लोगों में से कुछ वंजारी समुदाय से हैं।

# ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

एजेंसी
नई दिल्ली



अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 20 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ग्रहण करेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि वाशिंगटन यात्रा के दौरान जयशंकर अमेरिका के आगामी ट्रंप प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी करेंगे। पिछले वर्ष नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में ट्रंप ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को हराया था। जयशंकर ने पिछले महीने कहा था कि ट्रंप का भारत के प्रति सकारात्मक राजनीतिक दृष्टिकोण रहा है और भारत उनके प्रशासन के साथ 'गहरे' संबंध बनाने और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई अन्य देशों की तुलना में अधिक लाभप्रद स्थिति में है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'ट्रंप-वेंस शपथग्रहण समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।' जे डी वेंस अमेरिका के नए उपराष्ट्रपति होंगे। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, 'विदेश मंत्री (जयशंकर) इस यात्रा के दौरान अमेरिका के भावी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ ही समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका आने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बैठकें करेंगे।' ट्रंप प्रशासन की शुल्क, जलवायु परिवर्तन और रूस-यूक्रेन संघर्ष एवं पश्चिम एशिया की स्थिति की पृष्ठभूमि में समग्र विदेश नीति प्राथमिकताओं सहित कई संवेदनशील मुद्दों पर नीति को लेकर कई देशों में चिंताएं हैं। ट्रंप अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे।

# इंडोनेशिया के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विषय से अवगत लोगों ने शनिवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि नई दिल्ली द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद, सुबियांतो के भारत दौरा संपन्न करने के तुरंत बाद पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना नहीं है। हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, जकार्ता ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के भारत दौरे के बाद पाकिस्तान की यात्रा की योजना बनाई है। भारत ने अब तक इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि की औपचारिक घोषणा नहीं की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबियांतों के दौरे के दौरान उनके साथ व्यापक बातचीत करेंगे। भारत हर वर्ष विश्व नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। पिछले वर्ष फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मुख्य अतिथि थे। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी 2023 में मुख्य अतिथि थे।

# असम: कोयला खदान में बचाव अभियान सातवें दिन भी जारी, मृतकों की संख्या चार

एजेंसी
गुवाहाटी



असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान रविवार को सातवें दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के खान एवं खनिज मंत्री कौशिक राय ने बताया कि खदान से पानी निकालने का काम जारी है और उम्मीद है कि यह प्रक्रिया जल्द ही अंतिम चरण में पहुंच जाएगी। गुवाहाटी से लगभग 250 किलोमीटर दूर उमरंगसो क्षेत्र में स्थित कोयला खदान में छह जनवरी को अचानक पानी भर जाने से कुल नौ मजदूर फंस गए थे। इनमें से अब तक चार मजदूरों के शव बरामद किए जा चुके हैं। पहला शव बुधवार को बरामद किया गया जबकि तीन अन्य शव शनिवार को निकाले गए। एनडीआरएफ टीम के कमांडर रोशन कुमार सिंह ने कहा कि जलमग्न खदान से पानी निकालने की प्रक्रिया जारी है और जलस्तर घट रहा है। उन्होंने बताया, आज बचाव अभियान का सातवां दिन है और अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं। पानी निकालने का काम जारी है और जलस्तर घट रहा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), सेना और नौसेना कर्मियों समेत कई एजेंसियां अभियान में जुटी हैं तथा ड्रोन तैनात किए गए हैं। राय ने शनिवार को घटनास्थल पर जारी अभियान निरीक्षण किया और कहा कि अगले 36 घंटे में जल निकासी का अंतिम चरण पूरा हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, पानी निकालने का काम जारी है।

# बेटे की मौत की खबर सुनकर सदमे से मां ने भी तोड़ा दम

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन को लेकर हुई मारपीट में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस घटना की जानकारी होने पर उसकी मां की भी सदमे से मौत हो गयी। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कृपा शंकर ने बताया कि बैरिया थाना क्षेत्र के योगेंद्र गिरी की मठिया गांव में शनिवार की रात मोबाइल फोन को लेकर दीनानाथ का सुमन से विवाद हो गया। इस दौरान सुमन ने अपने रिश्तेदार दीनानाथ (45) को धक्का दे दिया और वह खड़ंजे पर गिर गये। एएसपी ने बताया कि दीनानाथ के सिर में चोट लग गयी और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि परिजन जब दीनानाथ के शव को लेकर घर पहुंचे, तो यह खबर सुनकर उनकी 92 वर्षीया मां फुलझरिया देवी की भी सदमे से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया है।

## संक्षिप्त-समाचार

### शामली में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद के कारण हुई गोलीबारी में चार लोग घायल

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** शामली जिले के कैराना थाना इलाके के मंडावर गांव में एक ही समुदाय के दो समूहों के बीच जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्याम सिंह ने बताया, घायलों की पहचान उमरदीन, सद्दाम, इरफान और इमरान के रूप में हुई है, जिन्हें गोली लगने के बाद तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीओ ने बताया कि शनिवार शाम को सद्दाम और इंतजार नामक व्यक्ति के बीच झगड़ा शुरू हुआ, जो हिंसा में तब्दील हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

### ठाणे में एक इमारत में आग लगने के बाद 250 निवासियों को निकाला गया, कोई हताहत नहीं

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में रविवार सुबह पांच मंजिला इमारत में आग लगने के बाद करीब 250 निवासियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि श्रीनगर के वागले एस्टेट इलाके में स्थित इमारत के भूतल पर कपड़े धोने की एक दुकान में सुबह करीब पांच बजे आग लग गई, हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकल कर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ टीम के सदस्य आग बुझाने के अभियान के लिए घटनास्थल पर पहुंचे और इमारत में रहने वालों को बाहर निकाला। अधिकारी ने कहा कि लगभग एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया जिसके बाद लोगों को अपने अपार्टमेंट में लौटने की अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### मुख्यमंत्री स्टालिन का अहंकार ठीक नहीं है: तमिलनाडु राजभवन

**चेन्नई।** तमिलनाडु राजभवन ने विधानसभा के हालिया सत्र को संबोधित न करने के राज्यपाल आर एन रवि के फैसले को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन द्वारा 'बचकाना' बताए जाने की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि 'इस तरह का अहंकार ठीक नहीं है'। राजभवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि लोग देश और संविधान का कोई भी 'निर्लज्जतापूर्ण अपमान' बर्दाश्त नहीं करेंगे। राजभवन ने 'एक्स' पर कहा, 'एम के स्टालिन ने कहा है कि राष्ट्रगान के प्रति उचित सम्मान और संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों का पालन करने पर जोर दिया जाना 'बेतुका' और 'बचकाना' है। पोस्ट में कहा गया, 'अपने असली इरादे दिखाने के लिए उन्हें धन्यवाद। उन्होंने दिखा दिया कि वह उस विचारधारा को मानते हैं और गठबंधन के नेता हैं जो भारत का एक राष्ट्र के तौर पर सम्मान नहीं करता और संविधान को स्वीकार नहीं करता। ऐसा अहंकार ठीक नहीं है।' राजभवन ने कहा, 'कृपया यह न भूलें कि भारत माता सर्वोच्च है और उसके बच्चों की संविधान में सर्वोच्च आस्था है। वे इस तरह के निर्लज्जतापूर्ण अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे।' मुख्यमंत्री ने शनिवार को राज्य विधानसभा में कहा था कि वर्ष 2022 में रवि ने बिना किसी बदलाव के अपना अभिभाषण दिया, लेकिन उसके बाद के तीन साल उन्होंने 'बेतुके' कारणों का हवाला देते हुए अपना पारंपरिक संबोधन देने से परहेज किया।

### झारखंड में सुरक्षाकर्मियों ने जंगल से तीन आईईडी बरामद किए

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक जंगल से सुरक्षाकर्मियों ने तीन संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये आईईडी नक्सल विरोधी अभियान में जुटे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए थे। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि शनिवार को तलाशी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस के जवानों ने नक्सल प्रभावित जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोवाबेरा गांव के पास जंगल में लगाए गए विस्फोटकों का पता लगाया। उन्होंने बताया कि पांच-पांच किलोग्राम वजनी आईईडी को बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। जिले के कोल्हन क्षेत्र में मिसिर बेसरा समेत शीर्ष माओवादी नेताओं की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस पिछले कई महीनों से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही है। बेसरा पर एक करोड़ रुपये का इनाम है। जिले के जराइकेला इलाके में मंगलवार को कथित तौर पर माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई थी।

### इटावा में घने कोहरे में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**इटावा (उप्र)।** इटावा-आगरा रेल लाइन पर घने कोहरे के बीच पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सिविल लाइन थाने के प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सारंगपुरा निवासी राजकुमार यादव (45) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि राजकुमार शनिवार रात घने कोहरे के बीच पटरी पार कर रहा था और वह एक ट्रेन की चपेट में आ गया। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### पाकिस्तान: कोयला खदान में विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीथेन गैस से हुए विस्फोट के कारण एक कोयला खदान ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। क्वेटा से लगभग 40 किलोमीटर दूर संजदी इलाके में बुधवार शाम को कोयला खदान ढहने से 12 मजदूर फंस गए थे। प्रांत के खनन विभाग के प्रमुख अब्दुल्ला शावानी ने बताया कि तीन दिनों के बचाव कार्य में शनिवार रात तक 11 शव बरामद किए गए और बचावकर्मी अब भी खदान के अंदर अंतिम मजदूर की तलाश कर रहे हैं।

# दिल्ली में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में मयूर विहार के पास एक एसयूवी के सड़क पर बने डिवाइडर से टकराने और फिर विपरीत मार्ग में आ रही दो कारों से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। नोएडा लिंक रोड पर हुए इस हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हो गया। एसयूवी से टकराने वाली कारों में से एक के चालक आकाश द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, दुर्घटना एक बोलेरो की वजह से हुई जो दिल्ली से नोएडा की ओर आ रही थी। शिकायत में कहा गया है कि रात के करीब एक बजकर 14 मिनट पर बोलेरो सड़क के बीच में बने डिवाइडर से टकरा गई और विपरीत लेन में चली गई और आकाश की बलेनो कार से टकरा गई और फिर एक टैक्सी पर पलट गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में टैक्सी चालक अर्जुन सोलंकी और टैक्सी में सवार सुमन धूपरा की मौत हो गई। धूपरा के पति संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# स्पेडेक्स: परीक्षण प्रयास के दौरान दो उपग्रहों को एक-दूसरे से तीन मीटर की दूरी पर लाया इसरो

एजेंसी
बेंगलुरु



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग करने के लिए प्रक्षेपित किए गए दो उपग्रहों को परीक्षण के तौर पर तीन मीटर की दूरी पर लाया गया और फिर सुरक्षित रूप से वापस ले जाया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने यह भी कहा कि 'डॉकिंग' प्रक्रिया डेटा के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी की जाएगी। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पहले 15 मीटर और फिर तीन मीटर तक पहुंचने का प्रयास किया गया। अंतरिक्ष यान को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया जा रहा है। डेटा का विस्तृत विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया की जाएगी।' 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) परियोजना पहले ही सात और नौ जनवरी को 'डॉकिंग' प्रयोगों के लिए घोषित दो समय सीमा को चूक चुकी है। इसरो ने 30 दिसंबर को स्पेडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में भेजा था। श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी60 रॉकेट के जरिये दो उपग्रहों स्पेसक्राफ्ट ए (एसडीएक्स01) और स्पेसक्राफ्ट बी (एसडीएक्स02) को रवाना किया गया था। करीब 15 मिनट बाद 220-220 किलोमीग्राम वाले ये छोटे अंतरिक्ष यान योजना के अनुसार 476 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में दाखिल हो गए थे। इसरो के अनुसार, स्पेडेक्स परियोजना छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया के लिए एक किफायती प्रौद्योगिकी मिशन है। स्पेडेक्स में सफलता हासिल करने के बाद भारत उन जटिल प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा जो इसके भावी मिशनों, जैसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री को उतारने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# कांग्रेस ने दिल्ली में सत्ता में आने पर बेरोजगार युवाओं को 8,500 रुपये देने का वादा किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली में सत्ता में आने पर प्रत्येक शिक्षित बेरोजगार युवक को एक वर्ष तक हर महीने 8,500 रुपये देने का रविवार को वादा किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्तीय सहायता 'युवा उड़ान योजना' के तहत प्रदान की जाएगी और यह सहायता मुफ्त में नहीं है। पायलट ने कहा, 'हम उन युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे जो किसी कंपनी, कारखाने या संगठन में अपना कौशल दिखा सकते हैं। इन कंपनियों के जरिए उन्हें पैसे मिलेंगे। यह कोई ऐसी योजना नहीं है जिसके तहत घर बैठे पैसे मिल जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'हम प्रयास करेंगे कि लोगों को उन क्षेत्रों में लगाया जाए जहां उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है ताकि वे अपने कौशल में सुधार कर सकें।' कांग्रेस ने छह जनवरी को 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की थी जिसमें सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता देने का वादा किया गया है।

# भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में सिंगापुर को दिख रहे हैं अवसर: ली सीन लूंग

एजेंसी
सिंगापुर



सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग ने कहा है कि भारत आगे बढ़ रहा है और सिंगापुर को दक्षिण एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले इस देश के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के कई अवसर दिखाई दे रहे हैं। ली ने शनिवार को भारतीय व्यापारिक समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। बीस वर्षों तक देश के प्रधानमंत्री रहे ली ने कहा, 'भारत आगे बढ़ रहा है। सिंगापुर की भारत में छवि अच्छी है और भारत की विभिन्न सरकारों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध रहे हैं।' 'स्ट्रेट्स टाइम्स' ने अपनी एक खबर में ली के हवाले से कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के कई अवसर हैं और साथ ही स्वास्थ्य, डिजिटल समेत कई क्षेत्रों में भी सहयोग के अवसर तलाशे जा सकते हैं। उन्होंने भारतीय व्यापार समुदाय से इन अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। ली ने लगभग दो दशक पुराने सिंगापुर-भारत मुक्त व्यापार समझौते 'व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते' (सीईसीए) के महत्व का भी उल्लेख किया, जिसने दोनों देशों के बीच व्यापक व्यापार, निवेश और यात्रा संबंधों को बढ़ावा देने में मदद की है। उन्होंने यह भी कहा कि सिंगापुर अपनी जनसंख्या और प्रतिभा को बढ़ाने के लिए प्रवासियों और विदेशी कर्मियों पर बहुत अधिक निर्भर है। दरअसल स्थानीय लोगों ने प्रवासी और विदेशी कामगारों के साथ-साथ निवेशकों और पेशेवरों की बढ़ती संख्या का मुद्दा उठाया है - जिनमें भारत से आए लोग भी शामिल हैं।

# नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में गिरफ्तार 14 लोग न्यायिक हिरासत में भेजे गए

एजेंसी
पथनमथिट्टा (केरल)



जिले में एक दलित लड़की के कथित यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार 14 लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी 14 आरोपियों को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा इस मामले में कई और लोग भी गिरफ्तार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है तथा अभी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस बीच, सूत्रों ने रविवार को बताया कि पथनमथिट्टा जिले के दो थानों में नौ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। 18 वर्ष की हो चुकी पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 13 वर्ष की आयु से 62 व्यक्तियों ने उसका यौन शोषण किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्हें ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो दर्शाते हैं कि लड़की का उसके खेल प्रशिक्षकों, साथी एथलीट और सहपाठियों ने शोषण किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी का आान करते हुए अधिकारियों से तीन दिन में विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है। केरल महिला आयोग (केडब्ल्यूसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आयोग ने स्वतः संज्ञान मामला दर्ज किया है और इसकी अध्यक्ष पी. सती देवी ने पथनमथिट्टा के पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में तत्काल रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। मामला बाल कल्याण समिति द्वारा आयोजित काउंसलिंग के दौरान सामने आया, जब पीड़िता के शिक्षकों ने समिति को उसके व्यवहार में बदलावों के बारे में बताया। समिति ने बाद में पुलिस को सूचित किया और जांच करने के लिए पथनमथिट्टा के पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया।

विवाद

## काम के घंटे की बहस पर बोले आनंद महिंद्रा

# 'मेरी पत्नी बेहद खूबसूरत, उसे निहारना मुझे अच्छा लगता है'

एजेंसी
नई दिल्ली



महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने शनिवार को कहा कि काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें उसकी मात्रा पर नहीं, क्योंकि 10 घंटे में दुनिया बदल सकती है। इसी के साथ, महिंद्रा भी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के अध्यक्ष एस.एन. सुब्रह्मण्यन द्वारा सप्ताह में 90 घंटे काम करने की छेड़ी गई बहस में शामिल हो गए हैं। महिंद्रा ने राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वह इसलिए नहीं हैं कि वह अकेले हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरी पत्नी बेहद खूबसूरत है। मुझे उसे निहारना अच्छा लगता है।' लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यन की टिप्पणियों से सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने सवाल किया था, 'आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं।' सुब्रह्मण्यन ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने की वकालत की और सुझाव दिया कि कर्मचारियों को रविवार को भी छुट्टी नहीं लेनी चाहिए। महिंद्रा ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने को लेकर गए पूछे गए सवाल का उत्तर देते हुए इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति और अन्य के प्रति अपना सम्मान दोहराते हुए कहा, 'मैं गलत नहीं कहना चाहता, लेकिन मुझे कुछ कहना है। मुझे लगता है कि यह बहस गलत दिशा में जा रही है, क्योंकि यह बहस काम की मात्रा के बारे में है।' उन्होंने कहा, 'मेरा कहना यह है कि हमें काम की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा, न कि काम की मात्रा पर। इसलिए, यह 40 घंटे, 70 घंटे या 90 घंटे की बात नहीं है। आप क्या परिणाम दे रहे हैं? भले ही यह 10 घंटे का हो, आप 10 घंटे में दुनिया बदल सकते हैं।'

महिंद्रा ने कहा कि उनका 'हमेशा से मानना रहा है कि आपकी कंपनी में ऐसे लोग होने चाहिए जो समझदारी से निर्णय लें। तो, सवाल यह है कि किस तरह का मस्तिष्क सही निर्णय लेता है?' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एक ऐसा मस्तिष्क होना चाहिए जो 'समग्र तरीके से सोचता हो, जो दुनिया भर से आने वाले सुझावों के लिए खुला हो।' महिंद्रा समूह के चेयरमैन ने साथ ही कहा कि इंजीनियरों और एमबीए जैसे विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को कला और संस्कृति का अध्ययन करना चाहिए ताकि वे बेहतर निर्णय ले सकें। उन्होंने परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, 'यदि आप घर पर समय नहीं बिता रहे हैं, यदि आप मित्रों के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, यदि आप पढ़ नहीं रहे हैं, यदि आपके पास चिंतन-मनन करने का समय नहीं है, तो आप निर्णय लेने में सही इनपुट कैसे लाएंगे?' आनंद महिंद्रा ने वाहन बनाने वाली अपनी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा का उदाहरण देते हुए कहा, 'हमें यह तय करना होगा कि ग्राहक कार में क्या चाहता है। अगर हम हर समय केवल कार्यालय में ही रहेंगे, अपने परिवार के साथ नहीं होंगे, हम अन्य परिवारों के साथ नहीं होंगे तब हम कैसे समझेंगे कि लोग क्या खरीदना चाहते हैं? वे किस तरह की कार में बैठना चाहते हैं?' महिंद्रा से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उनके फॉलोअर अक्सर पूछते हैं कि उनके पास कितना समय है और वह काम करने के बजाय सोशल मीडिया पर इतना समय क्यों बिताते हैं।

# भारत ने दूसरे महिला वनडे में आयरलैंड को हरा श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई

## जेमिमा की शतकीय पारी से भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 116 रनों से रौंदा

- अनुभवी दीप्ति ने 37 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि प्रिया ने 53 रन देकर दो विकेट चटकाये




एजेंसी
राजकोट

जेमिमा रोड्रिग्स के पहले एकदिवसीय शतक के साथ शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों से भारत ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने पांच विकेट पर 370 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 50 ओवर में सात विकेट पर 254 रन पर रोक दिया।

कप्तान स्मृति मंधाना ने 54 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी खेलने के अलावा पहले विकेट के लिए प्रतिका रावल (60 गेंद में 67 रन) के साथ 114 गेंद में 156 रन की साझेदारी कर के भारत को तेज शुरूआत दिलायी। जेमिमा ने 91 गेंद में 102 रन की पारी में 12 चौके लगाये। उन्होंने हरलीन देयोल (84 गेंदों पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 168 गेंद में 183 रन की बड़ी साझेदारी कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया।

भारतीय बल्लेबाजों ने आयरलैंड की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए 50 ओवर में 44 चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के बड़े स्कोर के दबाव में आयरलैंड के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी की जगह पूरे 50 ओवर खेलने पर ध्यान दिया और टीम कभी भी जीत की स्थिति में नहीं थी। क्रिस्टिना कूल्टर रीली ने 80 रन की शानदार पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। दीप्ति शर्मा और प्रिया मिश्रा की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी के सामने आयरलैंड के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। अनुभवी दीप्ति ने 37 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि प्रिया ने 53 रन देकर दो विकेट चटकाये। टिटास साधु और सयाली सातघरे को एक-एक सफलता मिली।

जेमिमा को एकदिवसीय में अपना शतक जड़ने के लिए 41 मैचों का इंतजार करना पड़ा। इससे पहले उनके नाम छह अर्धशतक हैं। उन्होंने मध्यम तेज गेंदबाज अर्लीन केली के खिलाफ चौका लगाकर शतक पूरा किया और फिर अपने बल्ले से गिटार बजाने की भाव भंगिमा से इसका जश्न मनाया।

उन्होंने इस शतकीय पारी के बाद मैच के प्रसारक (स्पोर्ट्स 18) से कहा, इस शतक को पूरा करने लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। खुशी है कि टीम ने मुझे नंबर चार पर भूमिका दी और मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकी। उन्होंने कहा, आज मेरे लिए 50वें ओवर तक क्रीज पर रहना अहम था। मेरे लिए रन बनाना कोई समस्या नहीं है, मैं इसमें लय में हूं लेकिन अंत तक क्रीज पर बने रहना महत्वपूर्ण था और खुशी है कि मैं ऐसा कर सकी।

आयरलैंड के लिए केली और ओर्ला प्रेंडेरगास्ट को दो-दो जबकि जॉर्जीना डेम्पसे को एक सफलता मिली।

# बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी टीम से शाकिब अल हसन और लिटन दास को बाहर किया

- शाकिब अल हसन गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित




एजेंसी
ढाका

बांग्लादेश ने रविवार को पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नहीं पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है।

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत करेगा। हाल में लचर प्रदर्शन के बाद अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास को भी टीम में शामिल नहीं किया है जो अपनी पिछली 13 वनडे पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बना सके। उन्होंने पिछली बार 50 रन से अधिक का स्कोर अक्टूबर 2023 में पुणे में भारत के खिलाफ बनाया था। इन दो बड़े खिलाड़ियों के अलावा ऑलराउंडर अफीफ हुसैन और तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम तथा हसन महमूद भी टीम में जगह पाने में नाकाम रहे। टीम अगुआई नजमुल हुसैन शांटो करेंगे और वह भी चोट से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। नजमुल के साथ अनुभवी मुशिफकुर रहीम, मुस्तफिजुर रहमान और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज तौहीद

### बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:

नजमुल हुसैन शांटो (कप्तान), मुशिफकुर रहीम (विकेटकीपर), तौहीद ह्रदय, सौम्य सरकार, तंजीद हसन, महमूदुल्लाह, जैकर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन, नसुम अहमद, तंजीम हसन, नाहिद राणा।

# सिवाच और चाहर सहित एसएससीबी के नौ मुक्केबाज राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे



एजेंसी
बरेली

सचिन सिवाच और लक्ष्य चाहर सहित सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) के नौ मुक्केबाजों ने आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सिवाच ने लाइटवेट (55-60 किग्रा) वर्ग में हिमाचल प्रदेश के आशीष कुमार पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि एशियाई खेलों में भाग ले चुके चाहर ने भी लाइट हैवीवेट (75-80 किग्रा) वर्ग में आसान जीत के साथ अंतिम चार ने अपनी जगह पक्की की। सचिन और चाहर के अलावा एसएससीबी के जिन अन्य मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई उनमें जदुमणि सिंह मंडेंगब्रम (फ्लाईवेट), पवन बर्त्वाल (बैंटमवेट), हितेश (लाइट मिडिलवेट), दीपक (वेल्टरवेट), जुगनू (क्रूजरवेट), विशाल (हैवीवेट), और गौरव चौहान (सुपर हैवीवेट) शामिल हैं। इससे एसएससीबी लगातार तीसरी बार टीम खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। वेल्टरवेट (60-65 किग्रा) वर्ग में मौजूदा चैंपियन शिव थापा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मणिपुर के हेनथोई मायेंगबाम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना हिमाचल प्रदेश के अविनाश जामवाल से होगा। जामवाल ने क्वार्टर फाइनल के अन्य मुकाबले में हरियाणा के अंशुल को हराया।

# आयरलैंड की स्पिनर मैगुइरे की संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई

**राजकोट।** आयरलैंड की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर एमी मैगुइरे की भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में आठ ओवरों में 57 रन देकर तीन विकेट लिए थे। आयरलैंड यह मैच छह विकेट से हार गया था। मैच अधिकारियों की आयरलैंड टीम प्रबंधन को सौंपी गई रिपोर्ट में मैगुइरे के गेंदबाजी एक्शन की वैधता के बारे में चिंता व्यक्त की गई है। मैगुइरे ने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने सभी प्रारूपों में 25 विकेट लिए हैं। उन्हें अगले 14 दिन के अंदर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त किसी परीक्षण केंद्र में अपने एक्शन की जांच करवानी होगी, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन आईसीसी नियमों का उल्लंघन है या नहीं। आईसीसी की जांच प्रक्रिया के अनुसार जांच के नतीजे आने तक स्पिनर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रखने की अनुमति है।

# दक्षिण अफ्रीका ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है: एबी डिविलियर्स

एजेंसी
जोहानिसबर्ग

एबी डिविलियर्स का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम ने पिछले कुछ वर्षों में अनुचित आलोचना का सामना किया है तथा उसने कई बदलाव के बावजूद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और वह जून में लॉर्ड्स में प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने घरेलू सरजमीं पर भारत के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला ड्रा कराई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी अन्य प्रमुख टेस्ट टीमों से नहीं खेली।




डिविलियर्स ने यहां पत्रकारों से कहा, 'मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण अफ्रीका की अनुचित आलोचना हुई है। आपको टीम के बारे में राय देने से पहले पिछले तीन से पांच वर्षों में हुए सभी बदलावों को ध्यान में रखना होगा।' उन्होंने कहा, 'कई अनुभवी खिलाड़ी संन्यास ले रहे हैं। कोचिंग स्टाफ में काफी बदलाव हुआ है। टीम में कई बदलाव हुए हैं तथा कई नई चेहरे टीम से जुड़े हैं। दो नए कोच शुक्री कॉनराड टेस्ट टीम और रोब वाल्टर सीमित ओवरों की टीम का संचालन कर रहे हैं।'

डिविलियर्स ने कहा, 'हमारी टीम में कई नई चीजें हुई हैं। इसके बावजूद हमारी टीम ने टी20 विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और अब डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई है। यह वास्तव में अविश्वसनीय है और मुझे लगता है कि इसे हासिल करने के लिए उन्हें बहुत अधिक श्रेय मिलना चाहिए।'' डिविलियर्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की मौजूदा टीम को ग्रीम स्मिथ की टीम की तरह निरंतरता हासिल करने के लिए अधिक से अधिक दौरे करने होंगे।

उन्होंने कहा, 'हमारी टीम 2008 से 2015 तक दुनिया की शीर्ष टीमों में शामिल थी। वर्तमान टीम को उसकी जैसी निरंतरता हासिल करने में अभी थोड़ा समय लगेगा।' डिविलियर्स ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा, लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका को नजरअंदाज नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की टीम ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, इससे पता चलता है कि वे सकारात्मक क्रिकेट खेल रहे हैं, वे अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए खेल रहे हैं और मुझे उनकी यह बात पसंद है।'

# युवा तेज गेंदबाज ओ'रूर्के, स्मिथ और सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड की टीम में

एजेंसी
वेलिंगटन

अनुभवी तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और बेन सियर्स ने अगले महीने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में वापसी की। फर्ग्यूसन का अब न्यूजीलैंड क्रिकेट से अनुबंध नहीं है और वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने के कारण श्रीलंका के खिलाफ रविवार को समाप्त हुई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। सियर्स पिछले साल टी20 विश्व कप में यात्रा रिजर्व थे। वह घुटने की चोट के कारण नवंबर में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और फिर घरेलू सत्र में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने गुरुवार को वेलिंग्टन प्रांत के लिए टी20 मैच में वापसी की। सियर्स के अलावा विल ओरूर्के और नाथन स्मिथ को भी टीम में शामिल किया गया है। यह उनका पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा। श्रीलंका के खिलाफ टी20 और एकदिवसीय




श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जैकब डफी को यात्रा रिजर्व के रूप में टीम में लिया गया है। तेज गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व अनुभवी मैट हेनरी और फर्ग्यूसन करेंगे। टीम में कप्तान मिशेल सेंटनर, विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लैथम और पूर्व कप्तान केन विलियमसन जैसे अनुभव खिलाड़ी भी शामिल हैं। सैंटनर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। वह माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के साथ स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। डेवोन कॉनवे, विल यंग, रवींद्र, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल और विलियमसन के रूप में न्यूजीलैंड के पास उपयोगी बल्लेबाज हैं।



# बोर्ड एग्जाम में मिलेंगे बढ़िया मार्क्स, बस आंसर लिखते वक्त इन बातों का रखें ध्यान



बोर्ड एग्जाम में बेहतर अंक हासिल करने के लिए अच्छी तैयारी के साथ-साथ जरूरी है, उस तैयारी का बेहतर प्रजेंटेशन। इसका मतलब यह है कि, परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों का जवाब बेहतर तरीके से दिया जाए, जिससे परीक्षक कहीं से भी आपके नंबर न काट सके। इसलिए बेहद जरूरी है कि स्टूडेंट्स अपने उत्तर लिखते वक्त कुछ बातों का विशेष बातों का ध्यान रखें, क्योंकि अगर आंसर बेहतर तरीके से नहीं लिखा हुआ होगा तो फिर आपने चाहें कितना ही क्यों न पढ़ा हो, सारी मेहनत बर्बाद हो जाएगी। इसलिए स्टूडेंट्स की हेल्प करने के लिए नीचे आंसर लिखने के कुछ टिप्स दिए जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके परीक्षा में बढ़िया अंक प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रश्न ठीक ढंग से पढ़ें

कई बार स्टूडेंट्स एक्साइटमेंट के चलते प्रश्नों को ठीक ढंग से नहीं पढ़ते हैं और फिर उत्तर लिखने में गलती कर बैठते हैं। पूछा कुछ जाता है और वे जवाब किसी और प्रश्न का दे देते हैं, इसलिए ये बेहद जरूरी है कि प्रश्न पेपर मिलने के बाद उसे ठीक ढंग से पढ़ लें और फिर अपना उत्तर लिखना शुरू करें।

### प्लान करें आंसर

आंसर लिखते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि, जितने वर्ड लिमिट में उत्तर मांगा गया है, उस सीमा के भीतर अपना उत्तर लिखने के लिए प्लान करें। यह देखें कि कैरेक्टर लिमिट में उत्तर के सभी सेक्शन जैसे- इंट्रो, बॉडी, और निष्कर्ष कवर हो जाए, क्योंकि आधा- अधूरा आंसर लिखने से भी परीक्षक की नजर में खराब इम्प्रैशन पड़ता है।

### हैंडराइटिंग का रखें ध्यान

कई बार पहले स्टूडेंट्स ध्यान नहीं देते हैं और फिर परीक्षा के आखिरी समय में पेपर पूरी करने की जल्दबाजी में हैंडराइटिंग का ध्यान नहीं रखते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, बल्कि पहले ही समय डिवाइड कर लें कि, कितनी देर में आपको कितने प्रश्न के आंसर देने हैं। इसके साथ ही, उत्तर तभी बेहतर तरीके से लिखा जाएगा, जब आपकी वोकैबलरी अच्छी हो, इसलिए यह अहम है कि स्टूडेंट्स इस तरफ भी अपना ध्यान केंद्रित करें।

### फैक्ट्स और डायग्राम का रखें ध्यान

अपने उत्तर लिखते वक्त परीक्षार्थियों के लिए ये बेहद जरूरी है कि, वे फैक्ट्स का ध्यान रखें। अपने उत्तरों में डेट वाइज कंटेंट ऐड करें। वहीं, अगर किसी उत्तर के साथ डायग्राम जरूरी है तो उसे जरूर बनाएं। साथ ही बनाए गए चित्र पर नाम अवश्य लिखें, जिससे परीक्षक आपको पूरे नंबर दे सके।

# कॉन्फिडेंस बूस्ट करने के 10 कारगर उपाय, हर जगह मारेंगे बाजी

सेल्फ कॉन्फिडेंस यानी कि आत्मविश्वास एक ऐसी हथियार है जिससे कोई भी अपने निर्धारित किये लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकता है, बस इसके लिए आपको ईमानदारी से मेहनत करनी है। कॉन्फिडेंस की आवश्यकता छात्र से लेकर नौकरी की तैयारी कर रहे या जॉब कर रहे सभी लोगों के लिए आवश्यक है। अगर आपका कॉन्फिडेंस हाई होगा तो आप अवश्य ही चीजों को बेहतर ढंग से मैनेज कर पाएंगे और भविष्य में अवश्य ही उच्च मुकाम हासिल कर पाएंगे। अगर आपको लगता है कि आपमें किसी कारणवश कॉन्फिडेंस की कमी है तो इस पेज पर उङ्गल्लाींल्लू बूस्ट करने के 10 कारगर उपाय बताये जा रहे हैं। इनको आप अपने जीवनशैली में शामिल करके अवश्य ही सुधार कर सकते हैं।

### रियलस्टिक गोल्स को चुनें

कॉन्फिडेंस बूस्ट करने का सबसे पहला तरीका है अपने गोल्स को सेट करें। लेकिन ध्यान रखें कि गोल्स को ऐसा बनायें जो पूरे किये जा सकते हैं। ऐसे गोल्स नहीं सेट किये जाने चाहिए जिनका ओर-छोर भी पता न हो।

### खुद पर रखें विश्वास

रियलिस्टिक गोल सेट करने के बाद उसे पूरा करने के लिए खुद पर विश्वास रखें और पूरी लगन से उस पर कार्य करें। अवश्य ही आप सफलता प्राप्त करेंगे।

### प्रोग्रेस को करें मॉनिटर

आप जिस टास्क पर काम कर रहे हैं उस पर लगातार नजर बनाये रखें और उसको मॉनिटर करते रहें। इससे आपको पता चलता रहेगा कि आप जिस काम को कर रहे हैं वो सही दिशा में है या नहीं।

### काम पर पूरी तरह से करें फोकस

चाहते छात्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हों या भर्ती या प्रवेश परीक्षा की, पूरी तरह से उस पर फोकस करें। किसी भी चीज से अगर डिस्ट्रैक्शन हो रहा है तो उसे तुरंत ही बाहर कर दें।

### फिजिकल एक्टिविटी पर भी रखें ध्यान

कॉन्फिडेंस बूस्ट करने में फिजिकल एक्टिविटी बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप रेगुलर रूप से फिजिकल फिटनेस पर ध्यान दें और योग, जिम, रनिंग जो भी संभव हो वो करें। शारीरिक रूप से फिट होने पर आप मेंटली रूप से स्ट्रॉग महसूस करेंगे।

### बहादुरी दिखाएं

अगर आप किसी काम को टाइम पर नहीं कर पा रहे हैं और आपको असफलता भी हाथ लग रही है तो उस समय बहादुरी दिखाएं। असफलतों से पीछे नहीं हटें और डटकर उनका सामना करें और दोबारा से पूर्ण तैयारी से उस पर जुट जाएं।

### दूसरों के बहकावों में न आएं

कभी भी लोगों की बातों में न आएं। खुद के बनाये हुए गोल्स पर फोकस रहकर आगे बढ़ें। अगर जरूरत महसूस हो तो अपने माता पिता, बड़े भाई बहन या टीचर्स की मदद लें, ऐसे ही किसी भी विश्वास न करें।

### कमिटमेंट को पूरा करने में जी-तोड़ करें मेहनत

अगर अपने किसी काम को पूरा करने का लक्ष्य बनाया है तो उस पर पूरी तरह से कमिटमेंट दिखाएं और तय समय पर उस कार्य को पूरा करें। इससे आप दूसरों की नजरों में ऊपर आएंगे और आपको तारीफ मिलेगी। इससे आपका आत्मविश्वाश मिलेगा।

### फ्यूचर गोल्स पर भी रखें ध्यान

आपको अन्य लोगों की तरह सिर्फ एक कदम आगे का नहीं सोचना है। आप अभी से लॉन्ग टर्म को दिमाग में रखकर अपने गोल्स सेट करें और उस पर लगातार बने रहें।

### छोटी खुशियों में रहें खुश

अगर आप कोई छोटा सा भी कार्य पूरा करते हैं तो उस पर खुश रहना सीखें। छोटी छोटी खुशियां आपको बूस्ट करेंगे और आप बड़े कार्य को भी कॉन्फिडेंस के साथ पूरा कर पाएंगे।

# लॉन्ग आंसर याद करने में नहीं लगेगा ज्यादा समय, बस फॉलो करें ये सिंपल टिप्स



बोर्ड एग्जाम का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। अगले महीने में यानी कि फरवरी में सीबीएसई समेत अन्य राज्यों की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। वहीं, स्टूडेंट्स भी परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज हम स्टूडेंट्स को लॉन्ग आंसर को याद करने के टिप्स देने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके उन्हें इसे याद करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। आइए डालते हैं एक नजर।

### दो पार्ट में करें डिवाइड

लॉन्ग आंसर को याद करने के लिए सबसे बेहतर तरीका यह है कि, उत्तर को छोटे-छोटे पार्ट में डिवाइड कर लें। एक समय में केवल एक पार्ट पर ही फोकस करें। इस तरह से बारी-बारी से सारे सेक्शन को याद कर लें। इसके बाद सभी भागों को जोड़कर फिर समराइज कर लें। इस ट्रिक को अपनाने से छात्र-छात्राओं को आंसर लर्न करने में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी।

### किसी को पढ़ाएं

जब भी आप कोई टॉपिक किसी दूसरे को पढ़ाते हैं या फिर समझाते हैं तो फिर वह चैप्टर और अच्छी तरह से लर्न हो जाता है। ऐसे में अगर, आप चाहें तो बड़े उत्तरों को याद करने में यह तरकीब भी आप अपना सकते हैं। इसके लिए स्टूडेंट्स अपने फ्रेंड को या फिर फैमिली में ही किसी मेम्बर को पढ़ा सकते हैं।

### स्टोरी फार्मेट में करें याद

लंबे उत्तरों को याद करने का बेहतर तरीका यह भी हो सकता है कि, उसे आप स्टोरी फॉर्मेट में बदल लें। अगर कोई चीज कहानी के फार्मेट होती है तो उसे भी लोगों को सुनाने से या फिर विजुलाइज करके बताने में ज्यादा देर तक दिमाग में रहता है।

### मेन-मेन प्वाइंट्स को लिखकर करें याद

स्टिक नोट पर मेन-मेन प्वाइंट्स लिख लें और फिर उसे याद करें रहें। ये नोट्स बनाने से आपकी आंसर लिखने की भी प्रैक्टिस होगी। साथ ही, आपको उत्तर भी जल्द ही याद होगा। स्टूडेंट्स चाहें तो यह ट्रिक अपना सकते हैं।

### रेग्यूलर करें रिवाइज

एक बार उत्तर याद करने के बाद उसे डेली रिवाइज करें, क्योंकि कई बार स्टूडेंट्स यह गलती करते हैं कि याद तो कर लेते हैं, लेकिन फिर किसी अन्य टॉपिक पर फोकस करने की वजह से उस आंसर का ध्यान नहीं रखते, जिसके चलते उन्हें फिर से उतना ही समय देना पड़ता है। इसलिए छात्र-छात्राओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

# राज्यपाल द्वारा नशे की समस्या को खत्म करने हेतु धर्म गुरुओं और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों के साथ विस्तृत चर्चा

## कटारिया ने बढ़ती मादक पदार्थों की समस्या, पर गंभीर चिंता व्यक्त की

**पंजाब राजभवन द्वारा प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, उद्योगपतियों, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों के सहयोग से किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

पंजाब राजभवन ने पंजाब को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें धर्म गुरु, शिक्षाविद, उद्योगपति, कृषि विशेषज्ञ, प्रगतिशील किसान, वैज्ञानिक, पूर्व खिलाड़ी, वरिष्ठ अधिवक्ता, कलाकार, लोक गायक, लेखक, डॉक्टर और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित हितधारकों के विविध समूह की एक व्यापक भागीदारी देखने को मिल।

चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने की, जिन्होंने राज्य की भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुट और निरंतर जंग की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए राज्यपाल कटारिया ने बढ़ती मादक पदार्थों की समस्या, विशेष रूप से सिंथेटिक नशे के प्रसार पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जो युवाओं को अपूरणीय क्षति पहुंचा रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मादक पदार्थों की लत कभी सामाजिक रूप से अस्वीकार्य माने जाने वाले प्राकृतिक पदार्थों के उपयोग से विकसित हुई है, जो आर्थिक लाभ की तलाश में असामाजिक तत्वों द्वारा संचालित एक व्यापक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार बन गया है, जो युवाओं को विनाश के रास्ते पर ले जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल पंजाब तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय संकट बन गई है, जिसका उत्तरी राज्य असमान रूप से प्रभावित हैं। उन्होंने पाकिस्तान की भूमिका की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह देश में मादक पदार्थों की बाढ़ लाकर भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रहा है, जिससे उसके युवा वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है और उसका सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है।



राज्यपाल ने महान सामाजिक कल्याण के लिए अपने माता-पिता और चार बेटों को कुर्बान करने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के बलिदानों का हवाला देते हुए सभी से ऐसे महान उदाहरणों से प्रेरणा लेने और मादक पदार्थों की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करने का आग्रह किया। उन्होंने एक अच्छी तरह से समन्वित तरीके से सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया और समाज के हर वर्ग को शामिल करते हुए एक बहुआयामी रणनीति बनाने का आह्वान किया।

राज्यपाल कटारिया ने धर्म गुरुओं से नशे के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने की विशेष अपील की। अपने अनुयायियों पर उनके प्रभाव को उजागर करते हुए उन्होंने उनसे जमीनी स्तर पर अभियान शुरू करने, धार्मिक समागमों के दौरान अपने मंचों का उपयोग करने और अपने प्रवचनों में नशा विरोधी संदेशों को शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सक्रिय भागीदारी समाज में एक परिवर्तनकारी प्रभाव और आमूलचूल परिवर्तन ला सकती है। राज्यपाल ने इस उद्देश्य के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता दोहराई और संवाद के दौरान चर्चा किए गए कार्रवाई योग्य समाधानों को लागू करने में पंजाब राजभवन से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी से इस लड़ाई को भावी पीढ़ियों के अस्तित्व और समृद्धि के लिए युद्ध के रूप में लेने का आह्वान किया।

इस संवाद कार्यक्रम का समापन मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए एकजुट और निरंतर प्रयास की आवश्यकता पर एक मजबूत आम सहमति के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने सहमति व्यक्त की कि नशो की समस्या का समाधान केवल सरकारी प्रयासों से नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर जीजीडीएसडी फीमेल एंट्रप्रेन्योरशिप इनक्यूबेटर हुआ लॉन्च

**जीजीडीएसडी कॉलेज और युवसत्ता की संयुक्त पहल का लक्ष्य कॉलेज की 50 छात्राओं को सफल उद्यमी बनाने के लिए तैयार करना है**



सिटी दर्पण
चंडीगढ़

भारत के महानतम सपूतों में से एक स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा, तब तक विश्व कल्याण की कोई संभावना नहीं है, एक पक्षी के लिए केवल एक पंख पर उड़ना संभव नहीं है। यह बात सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर जीजीडीएसडी फीमेल एंट्रप्रेन्योरशिप इनक्यूबेटर के उद्घाटन के अवसर पर कही। पंजाब के तत्कालीन नाभा एस्टेट की राजमाता (महाराज हिम्मत सिंह की पत्नी और नाभा के अंतिम शासक महाराजा प्रताप सिंह की पुत्रवधू) उमा देवी इस मौके पर मुख्य अतिथि थीं। कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और प्रिंसिपल कार्यालय में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

यह कार्यक्रम कॉलेज की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता (यूथ फॉर पीस) और एसडी एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था। इस मौके पर उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों में जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के महासचिव प्रोफेसर (डॉ.) अनिरुद्ध जोशी, श्रीनगर के रहीम मोटर्स और रहीम ग्रीन्स के सीईओ अब्दुल हामिद भट्ट (कश्मीर के वृक्ष पुरुष), वरिष्ठ पत्रकार दीपक धीमान, जीजीडीएसडी एल्युमनी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण जुनेजा और युवसत्ता (यूथ फॉर पीस) के संस्थापक प्रमोद शर्मा शामिल थे। एनडीटीवी के एक मार्मिक वीडियो में रहीम मोटर्स और रहीम ग्रीन्स के सीईओ अब्दुल हामिद भट्ट की असाधारण यात्रा को दिखाया गया, जिन्हें प्यार से कश्मीर के ट्री मैन के रूप में जाना जाता है और वे फीमेल एंट्रप्रेन्योशिप इनक्यूबेटर के संरक्षक हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के महासचिव प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध जोशी के स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने मुख्य भाषण दिया। प्रोफेसर अनिरुद्ध जोशी ने बताया कि भारतीय महिलाओं के लिए सशक्तिकरण एक कठिन कार्य हो सकता है। उन्हें रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ एक संतुलन बनाने की आवश्यकता है। जबकि भारत सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है, हमें भी उनके अधिकारों, योजनाओं और लाभों के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता है, जो समग्र सशक्तिकरण प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। यह विडंबना है कि एक देश, जिसने हाल ही में अपने पहले प्रयास में ही मंगल मिशन को पूरा करने वाला पहला एशियाई देश का दर्जा प्राप्त किया है, वह विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के लिंग अंतर सूचकांक में 146 देशों में 108वें स्थान पर है, जो 2017 के समान है। डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि जीजीडीएसडी कॉलेज में फीमेल एंट्रप्रेन्योरशिप इनक्यूबेटर, समर्पित मार्गदर्शकों और सहयोगियों के अटूट समर्थन के साथ, महिलाओं के बीच नवाचार, आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

## संक्षिप्त-समाचार

### आबकारी विभाग ने बॉटलिंग प्लांटों और शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**चंडीगढ़।** यूटी प्रशासन के आबकारी एवं कराधान विभाग ने पंजाब आबकारी अधिनियम, 1914 (यूटी चंडीगढ़ पर लागू) के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। आबकारी विभाग ने अवैध प्रथाओं का मुकाबला करने और शराब के वितरण और बिक्री में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए निरीक्षण और प्रवर्तन गतिविधियाँ की हैं। इन उपायों का उद्देश्य एक वैध और नैतिक ढांचा स्थापित करना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी हितधारक आबकारी मानदंडों के अनुसार काम करते हैं। इन पहलों के हिस्से के रूप में, विभाग ने बॉटलिंग प्लांटों के 17 निरीक्षण, रेस्तरां/बार के 26 निरीक्षण और शराब की दुकानों के 63 निरीक्षण किए। ये निरीक्षण आबकारी मानदंडों और अन्य कानूनी प्रावधानों के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए किए गए थे। इसके अलावा, निरंतर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बॉटलिंग प्लांट और खुदरा विक्रेताओं का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा और उल्लंघनकर्ताओं को आबकारी अधिनियम और मानदंडों के तहत निर्धारित कठोर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। प्रवर्तन के अलावा, विभाग सभी आबकारी लाइसेंसधारियों द्वारा ट्रैक-एंड-ट्रेस सिस्टम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह उन्नत प्रणाली शराब के उत्पादन और वितरण की वास्तविक समय की निगरानी को सक्षम बनाती है, जो गैरकानूनी गतिविधियों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करती है। विभाग ने दोहराया है कि इस प्रणाली का कोई भी गैर-अनुपालन सख्त दंडात्मक उपायों के परिणामस्वरूप होगा। इस प्रावधान को सुदृढ़ करके, विभाग का उद्देश्य जवाबदेही को बढ़ाना और शराब व्यापार के लिए एक पारदर्शी और वैध पारिस्थितिकी तंत्र बनाए रखना है। सहयोग को मजबूत करने और व्यापक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों के दौरान, हितधारकों को आबकारी अधिनियम और मानदंडों के ढांचे के भीतर सख्ती से काम करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी उल्लंघन के लिए आबकारी मानदंडों के प्रावधानों के अनुसार गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसके अतिरिक्त, विभाग द्वारा नियमित प्रवर्तन गतिविधियाँ की जा रही हैं ताकि जीएसटी अधिनियम/नियमों के अनुपालन में करदाताओं की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। ये प्रयास सुनिश्चित करते हैं कि करदाता कर नियमों का दिन-प्रतिदिन पालन करते रहें, कानून का पालन करने वाले करदाताओं के हितों की रक्षा करते हुए एक समान व्यावसायिक परिदृश्य को बढ़ावा दें।

### चंडीगढ़ समेत पंजाब के 6 जिलों में बारिशपश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ

**चंडीगढ़।** पंजाब और चंडीगढ़ में शनिवार रात से ही कई इलाकों में बारिश हुई। वहीं, इस दौरान चंडीगढ़ की सुखना लेक का मौसम भी काफी खुशनुमा बना हुआ है। पंजाब और चंडीगढ़ में मौसम ने करवट बदली है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से रात से ही कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। जबकि 23 जिलों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में राज्य के अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि यह सामान्य तापमान से 2.6 डिग्री कम दर्ज किया गया है। अधिकतर जगहों पर अधिकतम तापमान 11.7 डिग्री से 19.4 डिग्री के बीच रहा है। सबसे अधिक तापमान मोहाली में 19.4 डिग्री दर्ज किया गया है। जबकि चंडीगढ़ में तापमान 18.9 डिग्री रहा है। हालांकि शनिवार को गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री दर्ज किया गया।

### मोहाली में कुत्ते ने मचाया आतंक, बच्चों-महिलाओं समेत 10 लोगों को काटा

**मोहाली।** मोहाली के जीरकपुर में आवारा कुत्ते द्वारा बच्चे को काटने का मामला सामने आया है। बच्चे को बचाने आए एक युवक पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं इस कुत्ते ने एक दिन में करीब 10 लोगों को काटा है। अब घटना का वीडियो वायरल होने लगा है। इनमें तीन से चार मरीज जीएमसीएच-32 में भर्ती हैं। उधर, जीरकपुर के अस्पताल में रोजाना कुत्तों के काटने के दस से 15 मामले पहुंच रहे हैं। डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मामला गंभीर है। यहां कुत्तों की नसबंदी के लिए ऑपरेशन थियेटर बनाया गया है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलते ही प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा।

### संजय टंडन ने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह को बधाई दी



**चंडीगढ़।** यूटीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन ने रविवार को मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की विशेष आम बैठक में अपने पहले आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान आईसीसी के नवनिर्वाचित चेयरमैन जय शाह को बधाई दी। टंडन ने बीसीसीआई के नवनियुक्त सचिव देवजीत सैकिया और कोषाध्यक्ष प्रभजीत सिंह भाटिया से भी मुलाकात की और नई भूमिका के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। बैठक में शहर से अधिक से अधिक क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए यूटीसीए को मजबूत बनाने पर चर्चा करने का अवसर मिला। टंडन ने युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर रखकर जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यूटीसीए की नई पहल के केस स्टडी के रूप में गली क्रिकेट पर एक कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। यह बुक समुदाय स्तर पर क्रिकेट की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए यूटीसीए की प्रतिबद्धता और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए गली क्रिकेट से पेशेवर मंचों पर जाने के लिए एक संरचित मार्ग बनाने के प्रयासों को दर्शाती है। टंडन ने पाँच साल पहले अपनी स्थापना के बाद से यूटीसीए के कामकाज और उपलब्धियों का अवलोकन प्रदान किया। उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजन से लेकर खिलाड़ियों के लिए मजबूत बुनियादी ढाँचा बनाने तक, पूरे केंद्र शासित प्रदेश में क्रिकेट को बढ़ावा देने में यूटीसीए की भूमिका पर जोर दिया।

